
वर्ष : 27 | अंक : 33 | website:www.chetnamanch.com | नोएडा, बृहस्पतिवार, 23 जनवरी, 2025 | Chetna Manch | Chetna Manch | मूल्य 2.00 रु. | पेज: 8

आज की खबर आज ही

जनाकांक्षाओं का सजग प्रहरी

# चेतना मंच





**महाकुंभ नगर ( ब्यूरो )।** महाकुंभ मेले में आज भारी भीड है। श्रद्धालु आस्था का डुबकी लगा रहे हैं। महाकुंभ महोत्सव का आज 11वां दिन है। श्रद्धालु सवेरे से ही आस्था की डुबकी लगा रहे हैं। महाकुंभ में आज भी कथा-वाचन के कई कार्यक्रम हैं। दिन में 12 बजे महामंडलेश्वर अन्नपूर्णा के शिविर में यज्ञ है और शाम को सांस्कृतिक कार्यक्रमों का सिलसिला चलेगा। उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदी बेन पटेल भी आज मेला स्थल पहुंची। उन्होंने महाकुंभ नगर के सेक्टर-23 में स्वामी चिदानंद के कैंप में पूजा-अर्चना की। इसके बाद वह सेक्टर-9 के रमेश भाई ओझा के कैंप में गई। उन्होंने सेक्टर-15 में बनाए गए इंटरनेशनल हिन्दू परिषद कैंप का भी निरीक्षण किया। उनके साथ उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्री नंद गोपाल गुप्ता उर्फ नंदी भी मौजूद रहे।

महाकुंभ में अब तक 9.73 करोड़ श्रद्धालुओं ने आस्थ की डुबकी लगाई है। घने कोहरे के बीच हजारों लोग तीन नदियों-गंगा, यमुना और सरस्वती के पवित्र संगम त्रिवेणी संगम में डुबकी लगाने के लिए संगम के घाटों पर एकत्र हैं। महाकुंभ में उत्तर प्रदेश ईको टूरिज्म डेवलपमेंट बोर्ड की ओर से भी जल्द हेलीकाप्टर सेवा शुरू की जाएगी, जिसका ट्रायल हो चुका है। श्रद्धालु आसमान की ऊंचाइयों से महाकुंभ के दर्शन के साथ-साथ राज्य की समृद्ध प्राकृतिक विरासत से परिचित होंगे। महाकुंभ में श्रद्धालुओं को जॉय राइड का आनंद देने के लिए पहले से एक हेलीकाप्टर संचालित किया जा रहा है।

**11वें दिन श्रद्धालुओं की अपार भीड़**

# 9.73 करोड़ श्रद्धालु पहुंचे

## गंगा पंडाल में दिखा भक्ति, नृत्य, और संगीत का संगम







**महाकुंभ नगर ( ब्यूरो )।** महाकुंभ-2025 के गंगा पंडाल में आज का दिन भक्ति, नृत्य और संगीत के अनूठे संगम का गवाह बना। भारतीय सनातन संस्कृति के महात्म्य को संजोते इस विशेष आयोजन में भक्तिमय गीतों, कथक नृत्य और प्रेरणादायक व्याख्यानों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ. कुमार विश्वास के ऊर्जा सत्र 'अपने अपने राम' से हुआ, जिसमें उन्होंने रामकथा के विभिन्न पहलुओं को अपनी शैली में प्रस्तुत किया। उन्होंने माता कैकयी, अंजनिपुत्र हनुमान और केवट के प्रसंगों के माध्यम से रामायण के महत्त्व को उजागर किया। डॉ. विश्वास ने प्रभु श्री राम के नव निर्मित मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा की वर्षगांठ पर सभी सनातनियों को बधाई देते हुए अपने गीतों से मंच को विभोर कर दिया।

इसके बाद, सुप्रसिद्ध कथक एवं भरतनाट्यम नृत्यांगना राजश्री शिरके ने अपनी प्रस्तुति से दर्शकों को रोमांचित कर दिया। उनकी 'शिव आराधना' और 'रावण-मंदोदरी संवाद' पर आधारित नृत्य नाटिका ने (शेष पृष्ठ-4 पर)

## नेताजी के व्यक्तित्व से पूरे भारत को मिलता है साहस : मुख्यमंत्री



**लखनऊ ( ब्यूरो )।** आज नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती है। उप्र की राजधानी लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम में उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शामिल हुए। उन्होंने नेताजी के चित्र पर पुष्प अर्पित करके उन्हें श्रद्धांजलि दी। इससे पहले सीएम ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा कि नेताजी के व्यक्तित्व और कृतित्व ने आजादी के आंदोलन को एक नई दिशा दी थी। आज उनकी पावन जयंती 'पराक्रम दिवस' के अवसर पर मनाई जा रही है। नेताजी को कोटि-कोटि नमन।

इस मौके पर संबोधित करते हुए सीएम योगी ने कहा कि भारत माता के इस वीर सपूत ने अपने व्यक्तितव और कृतित्व से आंदोलन को एक नई दिशा दी थी। वर्ष 2021 में पीएम मोदी ने 23 जनवरी को पराक्रम दिवस मनाना शुरू किया। उन्होंने कहा कि नेता जी व्यक्तित्व से पूरे भारत को साहस प्राप्त होता है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत की आजादी के लिए नेता जी ने जो आह्वान किया था 'तुम मुझे खून दो... मैं तुम्हें आजादी दूंगा', यह युवाओं सहित हर देशवासी के लिए एक मंत्र बन गया था। इसका ऐसा असर हुआ कि ब्रिटिश हुकूमत को नेता जी को नजरबंद और फिर कैद करना पड़ा।

मुख्यमंत्री ने कहा उस समय सिविल सेवा में (शेष पृष्ठ-4 पर)

## बिहार का धनकुबेर, डबल बैड में भरा हुआ था कैश



**पटना ( एजेंसी )।** बिहार के बेतिया जिले में शिक्षा विभाग के अफसर के घर से बड़ी तादाद में कैश बरामद किया गया है। बेतिया जिला शिक्षा पदाधिकारी के घर पर विजिलेंस की बड़ी कार्रवाई हुई, इस दौरान बड़ी मात्रा में कैश जब्त किया गया है। जिला शिक्षा पदाधिकारी (DEO) रजनीकांत प्रवीण के आवास पर विजिलेंस विभाग की छापेमारी चल रही है। (शेष पृष्ठ-4 पर)

## मुठभेड़ में शहीद इंस्पेक्टर को अंतिम सलाम

### मेरठ में किया गया अंतिम संस्कार





**मेरठ ( एजेंसी )।** शामली में कुख्यात कग्गा गैंग के बदमाशों से लोहा लेते हुए शहीद हुए इंस्पेक्टर सुनील कुमार का आज अंतिम संस्कार किया गया। नम आंखों से उनके परिजनों और अधिकारियों ने उन्हें अंतिम विदाई दी। शहीद इंस्पेक्टर सुनील कुमार के बेटे ने उन्हें चिता को मुखाग्नि दी। सुनील कुमार कग्गा गैंग के बदमाशों से लोहा लेते हुए शहीद हो गए थे। उन्होंने कग्गा गैंग के 4 बदमाशों को एनकाउंटर में ढेर किया था। शहीद इंस्पेक्टर का अंतिम संस्कार मेरठ के मसूरी गांव में किया गया।

आपको बता दें कि बीते दिनों शामली-करनाल बॉर्डर पर बदमाशों से हुई मुठभेड़ के दौरान घायल हुए एसटीएफ इंस्पेक्टर सुनील कुमार उपचार के दौरान बुधवार को शहीद हो गए थे। जाबांज इंस्पेक्टर सुनील कुमार को चार बदमाशों को ढेर करने के दौरान तीन गोलियां लगी थीं। दो गोली पेट और तीसरी गोली लिवर में लगी थीं। मंगलवार को घायल इंस्पेक्टर के पेट से चिकित्सकों ने तीन गोलियां निकाली थीं, (शेष पृष्ठ-4 पर)

## न्यू नोएडा में अवैध निर्माणों पर चलेगा बुल्डोजर : डा. लोकेश एम



**नोएडा ( चेतना मंच )।** अक्टूबर-2024 में नोटिफिकेशन के बाद न्यू नोएडा के क्षेत्र में हुए सभी निर्माण अवैध माने जाएंगे। नोएडा प्राधिकरण के सीईओ डा. लोकेश एम ने कहा कि अवैध निर्माण को रोका जा रहा है। चेतावनी बोर्ड लगाए जा रहे है।

उन्होंने कहा कि हम नोटिफिकेशन की तारीख के सेटेलाइट मैप को ही आधार बनाएंगे। इस मैप पर जितना निर्माण दिखेगा उसे आबादी और बाकी को अवैध माना जाएगा। जिसे ध्वस्त किया जाएगा। उन्होंने बताया कि किसानों से जमीन आपसी सहमति से ली जाएगी। इसके लिए रेट तय किए जा रहे है। बुलंदशहर डीएम के साथ बैठक होगी। रेट तय होने के बाद उसे बोर्ड में लाया जाएगा। वहां से अप्रूवल मिलने के बाद इसे लागू करेंगे। बुधवार को प्राधिकरण में न्यू नोएडा के अधिसूचित क्षेत्र के 20 गांवों के प्रधानों के साथ बैठक की। ये सभी गांव ग्रेटरनोएडा के पास है। इन गांवों के प्रधानों ने सीईओ से स्थानीय कार्यालय अपने क्षेत्र में खोलने के लिए कहा। इसके अलावा सीईओ ने प्रशासनिक अधिकारियों से न्यू नोएडा के अधिसूचित क्षेत्र में एलएमसी की जमीन की सूची मांगी है। ताकि लैंड बैंक के (शेष पृष्ठ-4 पर)

## प्रिंट रेट से ज्यादा पैसे वसूलकर फंसा

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** प्रिंट रेट से ज्यादा पैसे लेकर शराब बेच रहे एक सेल्समैन को जिला आबकारी विभाग ने पड़कर पुलिस के हवाले कर दिया है।

जिला आबकारी से मिली जानकारी के मुताबिक बीती रात को आबकारी निरीक्षक चंद्रशेखर सिंह गश्त पर थे। उन्हें सूचना मिली कि एच्छर स्थित देशी शराब की दुकान पर प्रिंट रेट से ज्यादा पैसे लेकर शराब बेची जा रही है। सूचना के आधार पर गोपनीय टेस्ट परचेज करवाया गया। टेस्ट परचेज के दौरान पाया गया कि विक्रेता 5 रूपए ज्यादा लेकर शराब का पव्वा बेच रहा है। दुकान पर मौजूद विक्रेता राजू सिंह पुत्र राजेंद्र सिंह को पकड़ कर थाना बीटा-2 पुलिस के हवाले किया गया है। इसके खिलाफ थाना बीटा-2 में मुकदमा दर्ज करवाया गया है।

## खाने में ज्यादा नमक पर हुआ झगड़ा, दंपत्ति ने खाया जहर

**नोएडा ( चेतना मंच )।** नोएडा थाना फेस-1 क्षेत्र के हरौला गांव में रहने वाले एक पति-पत्नी के बीच खाने में नमक ज्यादा डालने को लेकर विवाद हो गया। पति ने इस बात को लेकर पत्नी को कुछ कह दिया। पत्नी ने आक्रोशित होकर जहरीला पदार्थ खा लिया। इसी बीच पति ने भी जहरीला पदार्थ खा लिया। दोनों को उपचार के लिए नोएडा के जिला अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। थाना फेस-1 से मिली जानकारी के मुताबिक किशन कुमार पुत्र गंगा साहू (28 वर्ष) अपनी पत्नी दीपिका (25 वर्ष) के साथ हरौला गांव में किराए पर रहते हैं। पुलिस के अनुसार दीपिका ने आज सुबह खाना बनाया। खाने में नमक ज्यादा था, इस बात को लेकर किशन कुमार से उसकी कहासुनी हो गई। दोनों के बीच झगड़ा हुआ। दीपिका ने आक्रोश में आकर कोई जहरीला पदार्थ खा लिया। दीपिका को जहरीला पदार्थ खाता देख उसके पति किशन कुमार ने भी जहरीला पदार्थ खा लिया। (शेष पृष्ठ-4 पर)

## आइथम गैलरिया मॉल में अवैध रूप से परोसी शराब

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** ग्रेटर नोएडा के थाना बीटा-2 क्षेत्र में स्थित एक मॉल में अवैध रूप से शराब बेची जा रही थी। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंचे आबकारी विभाग ने वहां से दो लोग गिरफ्तार किया है। इनके पास से पुलिस ने भारी मात्रा में शराब बरामद किया है।

जिला आबकारी विभाग से मिली जानकारी के मुताबिक बीती रात को आबकारी निरीक्षक चंद्रशेखर सिंह अपनी टीम के साथ गशत पर थे। तभी उन्हें सूचना मिली कि थाना बीटा-दो क्षेत्र के अल्फा- दो में स्थित आइथम गैलरिया मॉल में अवैध रूप से शराब बेची व पिलाई जा रही है। सूचना के आधार पर थाना बीटा-2 पुलिस के साथ एक संयुक्त टीम (शेष पृष्ठ-4 पर)

RADIANT ACADEMY
(AFFILIATED TO CBSE)
B-180, sector-55, noida Ph: 120-4314312/ 6514636
Mob. : 9350251631/ 9674710772 E-mail: radiantacademynoida@yahoo.com
RADIANT ACADEMY
(J.H.S.) (AFFILIATED TO CBSE)
Sorkha, Sector- 115, noida on Fng Ph: 120- 6495106,
Mob. : 9873314814/ 9674710772 E-mail: radiantacademysorkha@yahoo.com
Let your child Explore the world with us in a Secure Environment!
We are a Co-Educational Medium Senior Secondary School imparting quality education since the last 20 years.
FROM ADMISSION OPEN NURSERY TO CLASS XI Transport Facility Available
FACILITIES AVAILABLE AT SCHOOL : ●Highly Qualified And Trained Faculty well Quipped Labs ●CCTV Controlled Environment ●Activity Based Learning ● Well Equipped Library ●GPS Enable Buses

## हाई सिक्योरिटी से लैस होगा एक्सप्रेस-वे !



**नोएडा ( चेतना मंच )।** नोएडा/ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेस-वे अब हाई सिक्योरिटी से लैस किया जाएगा। 24 किमी लम्बे इस एक्सप्रेसवे पर सभी अत्याधुनिक सुविधाएं तथा ढांचे में परिवर्तन करके इसे सुरक्षित बनाया जाएगा। कंसलटेंट कंपनी रीजनल सेंटर फॉर अर्बन एंड एनवायरमेंटल स्टडीज के सर्वे के बाद यह निर्णय लिया गया है।

सघन सर्वे के बाद कंसलटेंट कंपनी ने पाया कि एक्सप्रेसवे पर लेन को अलग-अलग रखने के लिए बनाई गई सफेद पट्टी की चौड़ाई कम है। कई स्थानों पर बुलवर्ड और रिफ्लेक्टर नहीं है। जिन स्थानों पर साइन बोर्ड होने चाहिए वहां नहीं है। क्रैश बैरियर के अंदर विज्ञापन के 12, आईएसटीएमएस के 8, साइनेज के 21 पोल मौजूद हैं। 13 स्ट्रक्चर एफओबी के हैं और 19-20 पब्लिक टॉयलेट व यूरिनल भी मौजूद हैं। लेकिन इनमें से अधिकांश के पहले साइनेज बोर्ड नहीं है। एक्सप्रेस वे पर किमी पाइंट नहीं है।

प्राधिकरण अधिकारियों ने बताया कि ये एक एक्सप्रेस वे के सिक्यूरिटी फीचर है। इनमें ही सुधार लाया जाएगा। जहां भी इन सिक्यूरिटी फीचर की कमी है उसे पूरा किया जाएगा। कंपनी ने सर्वे रिपोर्ट तैयार की है अब एक प्रजेंटेशन किया जाएगा। इसके बाद कंपनी फीचर के हिसाब से एक्टीमेट तैयार करेगी। जिसके आईआईटी को भेजा जाएगा। इसके बाद टेंडर जारी कर काम होगा। कंपनी का चयन होने के छह महीने में इस सिक्यूरिटी फीचर के कार्य को पूरा कर लिया जाएगा। एक्सप्रेस वे पर हादसे भी इन्ही सिक्यूरिटी फीचर में कमी की वजह से हुए।

24.5 किमी लंबे नोएडा एक्सप्रेस वे सिटी सर्विलांस सिस्टम के अंडर आता है। इस एक्सप्रेस की निगरानी के (शेष पृष्ठ-4 पर)

## चार बिल्डर्स को वाणिज्यिक भूखंड आवंटित

**नोएडा ( चेतना मंच )।** नोएडा प्राधिकरण की कामर्शियल प्लाट स्कीम के तहत चार बिल्डिंग निर्माण करने वाली कंपनियों को भूखंड आवंटित किये गये हैं। प्राधिकरण ने सेक्टर-62,96,97,98,105 में आठ कामर्शियल भूखंड की 20 हजार वर्गमीटर से बड़े भूखंडों की योजना 2024-25 (बिल्डर भूखंड-1) निकाली थी। योजना के तहत 26 सितंबर 2024 से 5 दिसंबर 2024 तक आवेदन किए।

इसके अलावा सेक्टर-40, 50, 93बी, 94, 135 में 20 हजार वर्गमीटर से छोटे 5 भूखंड की स्कीम 30 सितंबर से 9 दिसंबर 2024 तक रही। इसमें प्रतिभाग करने वाले डेवलपर्स (शेष पृष्ठ-4 पर)

**इन्हें मिले भूखंड**

- मैक्स स्टेट लिमिटेड (कंसोर्टियम) को सी-02 सेक्टर-105 में 41835.46 वर्गमीटर
- मंगलम मल्टीप्लेक्स प्राइवेट लिमिटेड (कंसोर्टियम) प्लाट एच-7 सेक्टर-98 एरिया 24 हजार वर्गमीटर
- एम3एम प्राइवेट लिमिटेड (कंसोर्टियम) एच-6 सेक्टर-97 में एरिया 23570.92 वर्गमीटर
- वरटेक्स कंस्ट्रक्शन कॉम-03 सेक्टर-50 में 812.73 वर्गमीटर

(हम भीड़ मे दौड़ना नहीं जीतना सिखाते हैं)

कोड 0910011910
सरस्वती ग्लोबल स्कूल
सेक्टर-22, नोएडा 8750611103
*फीस ना के बराबर *नि:शुल्क एडमिशन फीस
केवल 10 महीने की मासिक फीस

## ट्रंप की वापसी

यूं भी अमेरिका की सारी नीतियां अमेरिका से शुरू होकर अमेरिका पर ही समाप्त हो जाती हैं। लेकिन जब ट्रंप जैसा अप्रत्याशित व अमेरिका फर्स्ट का जयकारा लगाने वाला राष्ट्रपति सत्तासीन हो, तो दुनिया सांसत में ही रहेगी। शपथ ग्रहण के बाद जिस तरह असहज करने वाले कार्यकारी आदेश जारी किए गए, ये उसी की आहट है। लगता है अमेरिका के लिये स्वर्णयुग लाने का दावा करने वाले ट्रंप को लोकतांत्रिक मूल्यों, दुनिया की सेहत और वैश्विक पर्यावरण संरक्षण से कोई सरोकार नहीं है। विश्व स्वास्थ्य संगठन को दी जाने वाली बड़ी अमेरिकी मदद से हाथ पीछे खींचकर उन्होंने अपने मंसूबे जताए हैं। विश्व को ग्लोबल वार्मिंग के प्रभावों से बचाने के लिए प्रतिबद्ध पेरिस जलवायु समझौते से भी किनारा कर उन्होंने अपने इरादे जाहिर किए हैं। यह जानते हुए भी कि बीता साल दुनिया में अब तक का सबसे गर्म साल रहा था। यहां तक कि इन प्रभावों से पिछले दिनों लॉस एंजिल्स की भयावह आग ने अमेरिका के दरवाजे पर पिछले दिनों दस्तक दी है। वहीं दूसरी ओर तमाम आर्थिक मुश्किलों से जूझते व बेहतर भविष्य की तलाश में अमेरिका का रुख करने वाले प्रवासी उनके लिये दुश्मन नंबर वन हैं। जिनको रोकने के लिये अमेरिका की मैक्सिको सीमा पर आपातकाल की घोषणा कर दी गई है। मैक्सिको की सीमा पर दीवार बनाना उनका महत्वाकांक्षी लक्ष्य है। वे लाखों अवैध प्रवासियों को अमेरिका से खदेड़ने की बात बार-बार कहते हैं। वहीं अमेरिका फर्स्ट की नीति के चलते वे चीन समेत अन्य विकासशील देशों पर अंधाधुंध टैरिफ लगाकर मुनाफे का पलड़ा अमेरिका के पक्ष में झुकाने पर अड़े हैं। यहां तक कि उन्होंने ब्रिक्स देशों को चेताया है कि यदि डॉलर के मुकाबले वैकल्पिक मुद्रा चलन में लाने का प्रयास किया गया तो वे भारत,रूस व चीन आदि पर सौ फीसदी टैरिफ लगाएंगे। विशेष रूप से चीन उनके निशाने पर है, जो अमेरिका के नंबर एक दावे को चुनौती देने की क्षमता रखता है। दुनिया के तमाम देशों को उनके बड़बोले बयानों के मद्देनजर मुश्किल समय हेतु तैयार रहना चाहिए। दरअसल, केवल विकासशील व तीसरी दुनिया के देश ही नहीं, बल्कि ग्रीनलैंड पर कब्जे की मंशा के बयानों को लेकर यूरोपीय देशों में ट्रंप को लेकर खासी नाराजगी नजर आ रही है। पनामा नहर का प्रबंधन हासिल करने के बयानों पर भी तल्ख प्रतिक्रिया सामने आई है। कभी वे कनाडा को अमेरिका में शामिल करने के दावे करते हैं। आते ही कनाडा पर टैरिफ बढ़ाकर उन्होंने अपने मंसूबे जाहिर किए हैं। पिछले कुछ वर्षों में महामारी के प्रभावों से उबरते हुए तमाम बीमारियों से जूझते विश्व को ट्रंप ने बड़ा झटका दिया है। मानवता के कल्याण को समर्पित डब्ल्यूएचओ की आर्थिक मदद बंद करने से विकासशील व गरीब मुल्कों का स्वास्थ्य तंत्र अब भगवान भरोसे रह जाएगा। यदि विश्व में फिर किसी महामारी की दस्तक होती है तो पूरी दुनिया में स्थितियां गंभीर होंगी। विश्व के सबसे शक्तिशाली लोकतंत्र में यूं पूंजीवादी सोच व नीतियों का वर्चस्व बेहद चिंता की बात है। जिस बात की चिंता पिछले दिनों निवर्तमान राष्ट्रपाति जो बाइडेन भी जता चुके हैं। लेकिन उग्र राष्ट्रवाद के खुमार में डूबे अमेरिकी कुछ सुनने को तैयार नहीं हैं। पर्दे के पीछे 'ट्रंप उदय' के पीछे दुनिया के सबसे अमीर पूंजीपतियों में शुमार एलन मस्क की भूमिका को लेकर भी सवाल उठाये जा रहे हैं। लेकिन ऐसा लगता है कि अमेरिका फर्स्ट की नीतियों के प्रबल पैरोकार ट्रंप को दुनिया के सामाजिक, आर्थिक व सेहत के सरोकारों से कुछ भी लेना-देना नहीं है। कमोबेश यही स्थितियां अमेरिका की विदेश नीति में भी उजागर होंगी। फिलहाल, इस्राइल-हमास संघर्ष थमता दिख रहा है, लेकिन ये कब तक थमा रहता है, कहना कठिन है। जाते-जाते संघर्ष विराम का श्रेय लेने की होड़ में जो बाइडेन इस्राइल-हमास संघर्ष को फौरी तौर पर रोक तो गए हैं,लेकिन इसके लंबे समय तक थमे रहने के आसार कम ही हैं। वहीं ट्रंप रूस-यूक्रेन युद्ध को भी रुकवाने की बात कर रहे हैं,लेकिन वे अपने यूरोपीय सहयोगियों को नाराज करके इसमें कितना कामयाब होते हैं, ये भविष्य के गर्भ में निहित है।

# युद्धमुक्त विश्व के ट्रंप के संकल्पों की रोशनी

राष्ट्रपति के तौर पर अपने दूसरे कार्यकाल पर लौटने से पहले ट्रंप ने 'तीसरा विश्व युद्ध' रोकने की कसम खाकर दुनिया में शांति, अमन एवं अयुद्ध की संभावनाओं को बल दिया है। 47वें राष्ट्रपति के रूप में ट्रंप ने शपथ से एक दिन पहले गाजा में हुए युद्ध विराम का क्रेडिट भी लिया। रूस और यूक्रेन युद्ध भी खत्म करने की प्रतिबद्धता दोहरायी गयी है। बावजूद इनके विश्व युद्ध के कयास तेजी से लग रहे हैं। इसे लेकर भी कई सवाल उठते हैं कि क्या सच में तीसरा विश्व युद्ध होना इतना आसान है? लेकिन डोनाल्ड ट्रंप ने कहा, 'मैं यूक्रेन में युद्ध खत्म कर दूंगा। मैं मध्य पूर्व में अराजकता रोक दूंगा और मैं तीसरे विश्व युद्ध को होने से रोक दूंगा।' निश्चित ही ट्रंप के इन संकल्पों से अमेरिका में एक नए युग का आगाज हो रहा है, जो दुनिया में भी एक नई युद्ध मुक्त समाज-संरचना के बड़े बदलावों की ओर इशारा कर रहा है। राष्ट्रपति चुने जाने के बाद से ही ट्रंप कई संकेत ऐसे दे चुके हैं, जिनसे लगने लगा है कि दुनिया बदलने वाली है। ये बदलाव इस बात पर केंद्रित रहेंगे कि अमेरिका को फिर एक बार महान बनना है। यह 'मेक अमेरिका ग्रेट अगेन' का नारा डोनाल्ड ट्रंप की एक नई पहचान बन गया है और बहुत संभावना है कि इस बार ट्रंप अपने सपने को साकार करने के लिए दुस्साहस का भी परिचय देते हुए युद्ध की मानसिकता वाले देशों की सोच में बदलाव का कारण बन जाये।

विश्व में अनेक देशों के बीच युद्ध चल रहे हैं एवं ऐसे ही युद्ध की व्यापक संभावनाएं बनी हुई हैं। विश्व युद्ध कई कारणों से शुरू हो सकते हैं। जैसे राष्ट्रवाद यानी अपने देश के प्रति अत्यधिक लगाव और अन्य देशों के प्रति घृणा। जब राष्ट्रवाद चरम पर पहुंच जाता है तो युद्ध की स्थिति पैदा हो सकती है या फिर एक शक्तिशाली देश दूसरे देशों पर अपना अधिकार जमाना चाहता है, तो इससे युद्ध की स्थिति पैदा हो सकती है। इसके अलावा देशों के बीच आर्थिक प्रतिस्पर्धा भी युद्ध का कारण बन सकती है। साथ ही धार्मिक मतभेद भी युद्ध का कारण बन सकते हैं और किसी देश में राजनीतिक अस्थिरता होने पर पड़ोसी देशों में भी अशांति फैल सकती है और युद्ध की स्थिति पैदा हो सकती है। युद्ध की इन व्यापक संभावनाओं पर ट्रंप के संकल्प से विराम लगना विश्व की समाज-व्यवस्था, आर्थिक विकास एवं सह-जीवन के लिये एक शुभ संकेत है। क्योंकि विश्व युद्ध के परिणाम बहुत ही विनाशकारी होते हैं। इसमें लाखों लोग अपनी जान गंवा देते हैं। युद्ध से देशों की अर्थव्यवस्था को भी भारी नुकसान पहुंचता है। साथ ही युद्ध से समाज में अस्थिरता फैल जाती है, महंगाई, बेरोजगारी, गरीबी बढ़ जाती है और युद्ध के बाद देशों के राजनीतिक नक्शे में बदलाव आ सकता है।

अमेरिका दुनिया में अमन चाहता है और नये राष्ट्रपति ट्रंप ने यदि किसी भी देश के युद्ध में सेना नहीं भेजने का संकल्प लिया है तो इससे दुनिया में युद्ध की संभावनाओं पर विराम लगना तय है। क्योंकि अब तक शक्तिशाली राष्ट्र अमेरिका ही दुनिया मे युद्ध की भूमि तैयार करता रहा है, अपनी



**विश्व में अनेक देशों के बीच युद्ध चल रहे हैं एवं ऐसे ही युद्ध की व्यापक संभावनाएं बनी हुई हैं। विश्व युद्ध कई कारणों से शुरू हो सकते हैं। जैसे राष्ट्रवाद यानी अपने देश के प्रति अत्यधिक लगाव और अन्य देशों के प्रति घृणा।**

सेना एवं सैन्य सामान भेज कर युद्ध की भूमि को उर्वरा बनाता रहा है। विश्व समुदाय कई संकटों का सामना कर रहा है- संघर्ष और हिंसा, आतंक एवं अलगाव, युद्ध एवं राजनीतिक वर्चस्व, गरीबी एवं बेरोजगारी, लगातार सामाजिक-आर्थिक असमानताएँ, पर्यावरणीय संकट और दुनिया भर के लोगों के स्वास्थ्य और भलाई के लिए चुनौतियाँ आदि जटिलतर स्थितियों के बीच ट्रंप के नये संकल्प एवं योजनाओं की महत्वपूर्ण भूमिका हो सकती है। आज युद्ध और तनाव की समस्या बढ़ती जा रही है। हथियारों का उत्पादन लगातार बढ़ता जा रहा है। हर देश परमाणुशक्ति संपन्न बनने के लिए प्रयासरत है। यह एक अजीबोगरीब स्थिति है। युद्ध की आशंका को खत्म करने के लिए हाथियारों का जखीरा बढ़ाया जा रहा है। पहले बीमारी पैदा की जा रही है, फिर उसके इलाज का उपाय ढूंढा जा रहा है। इसमें अब तक अमेरिका की ही सर्वाधिक भूमिका रही है, लेकिन अब उसके नये राष्ट्रपति की युद्धमुक्त विश्व संरचना की सोच से दुनिया में शांति एवं अमन कायम होगा। युद्ध से कभी किसी का भला नहीं होता। वह सदैव अपने पीछे दुख भरी यादें छोड़कर जाता है। युद्ध से किसी मां का बेटा उसे बिछड़ जाता है, किसी बहन का भाई उससे बिछड़ जाता है, कोई स्त्री अपने पति को खो देती है, कोई बेटी अपने पिता को खो देती है। इस तरह युद्ध केवल जान लेता है। इसके अलावा युद्ध से संपत्ति भी नष्ट होती है एवं विकास अवरूद्ध होता है। इसके विपरीत यदि सब जगह शांति हो, लोग आपस में नहीं लड़ें, देशों में आपस में युद्ध नहीं हो, तो विकास होता है।

ट्रंप ने अमेरिकी राजनीति के तेवर-कलेवर को तो बदला ही है और वह वहां लोकतंत्र को भी बदलने जा रहे हों, तो कोई आश्चर्य नहीं। उनकी टीम के अनेक दिग्गज परिवर्तन के आकांक्षी हैं। न जाने कितने परिवर्तन ट्रंप के शासन में लागू होंगे। उम्मीद करनी चाहिए कि ट्रंप की नई टीम अमेरिकी परंपराओं का यथासंभव निर्वाह करते हुए ही देश को फिर से महान बनाएगी। लेकिन इस बार अमेरिकी परम्पराओं में युद्ध एवं हिंसा के स्थान पर शांति, विकास एवं हथियार मुक्ति के संकल्प होना बड़ी एवं राहतभरी बात है। हालांकि, अमेरिका को महान बनाने के अभियान पर कई सवाल भी हैं। क्या अमेरिकी निर्णायकों ने मान लिया है कि अमेरिका अब महान नहीं रहा? इस अभियान के नाम से तो शायद यही लगता है कि अमेरिकी विचारकों ने अपने देश के महान न रह पाने की वजहों का पता भी लगा लिया है। उनकी नजर उन अमेरिकी चालाकियों पर भी निस्संदेह पड़ी होगी, जिनकी वजह से अमेरिकियों की अक्सर आलोचना होती है। इन वजहों में युद्ध एवं हथियारों की होड़ बड़ी वजह रही है। अनेक राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि युद्ध, हिंसा, आतंकमुक्त नये अमेरिका को विकसित करने एवं विश्व में शांति के संकल्प को देखते हुए अमेरिका को शुरू से ही भारत के साथ खड़ा रहना चाहिए। भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है और अमेरिका सबसे पुराना जीवित लोकतंत्र है, दुनिया में युद्ध एवं आतंक के खिलाफ भारत हमेशा अग्रसर रहा है, युद्ध का अंधेरा मिटाने, शांति का उजला करने एवं अहिंसा-सहजीवन की कामना ही भारत का लक्ष्य रहा है। इसीलिये भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी लगातार युद्ध विराम की कोशिश करते रहे हैं।

ट्रंप के राष्ट्रपति बनने के बाद भारत और अमेरिका के रिश्तों पर क्या असर होगा, इसे लेकर विशेषज्ञ कई तरह की उम्मीदें जता रहे। जानकारों के मुताबिक, ट्रंप के आने से भारत और अमेरिका के संबंध और गहरे होंगे। चीन को लेकर दोनों देशों की चिंता इन्हें करीब लाएगी। यह ट्रेंड पिछले पांच अमेरिकी राष्ट्रपतियों के कार्यकाल जैसा ही रहेगा। क्वाड और मजबूत होगा। प्रशासन के कई विभागों में भारत के अच्छे संबंध बनेंगे। राजनीतिक और वैचारिक तालमेल भी अच्छा रहने की उम्मीद की जा रही। इसके साथ ही रक्षा, खुफिया और सुरक्षा मामलों में दोनों देशों के बीच भरोसा बढ़ेगा। टेक्नोलॉजी में सहयोग की संभावनाएं बढ़ने के आसार हैं। सबसे अहम है भारत की युद्ध एवं आतंक मुक्त विश्व बनाने की योजना, इसको लेकर ट्रंप भी आगे आये है जो नये सूरज का अभ्युदय है। लेकिन ट्रंप का नया दौर कहीं मौखिक हमलों या कटु उद्गारों तक ही सीमित न रह जाए। इसके लिये जरूरी है कि वह भारत की शांतिपूर्ण नीतियों एवं योजनाओं को अग्रसर करें। भारत सहित तमाम दुनिया यही उम्मीद करेगी कि ट्रंप दुनिया में चल रहे बड़े युद्धों और छद्म युद्धों को रोकने में सफलता हासिल करें साथ ही आतंकवाद के खिलाफ ईमानदार रवैया अपनाये ताकि नई उबरती उभरती दुनिया में अमेरिकी सचमुच महानता का वरन कर सके।

**- ललित गर्ग**
**( लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं स्तम्भकार हैं )**

## रामचरित मानस

**कल के अंक में आपने पढ़ा था कि ( पार्वतीजी ने कहा- ) हे संसार के स्वामी! हे मेरे नाथ! हे त्रिपुरासुर का वध करने वाले! आपकी महिमा तीनों लोकों में विख्यात है। चर, अचर, नाग, मनुष्य और देवता सभी आपके चरण कमलों की सेवा करते हैं॥ उससे आगे का वर्णन क्रमानुसार प्रस्तुत है।**

**जानि प्रिया आदरु अति कीन्हा। बाम भाग आसनु हर दीन्हा॥**
**बैठीं सिव समीप हरषाई। पूरुब जन्म कथा चित आई॥**

अपनी प्यारी पत्नी जानकार शिवजी ने उनका बहुत आदर-सत्कार किया और अपनी बायीं ओर बैठने के लिए आसन दिया। पार्वतीजी प्रसन्न होकर शिवजी के पास बैठ गईं। उन्हें पिछले जन्म की कथा स्मरण हो आई॥

**पति हियँ हेतु अधिक अनुमानी। बिहसि उमा बोलीं प्रिय बानी॥**
**कथा जो सकल लोक हितकारी। सोइ पूछन चह सैल कुमारी॥**

स्वामी के हृदय में (अपने ऊपर पहले की अपेक्षा) अधिक प्रेम समझकर पार्वतीजी हँसकर प्रिय वचन बोलीं। (याज्ञवल्क्यजी कहते हैं कि) जो कथा सब लोगों का हित करने वाली है, उसे ही पार्वतीजी पूछना चाहती हैं॥

**बिस्वनाथ मम नाथ पुरारी। त्रिभुवन महिमा बिदित तुम्हारी॥**
**चर अरु अचर नाग नर देवा। सकल करहिं पद पंकज सेवा॥**

(पार्वतीजी ने कहा-) हे संसार के स्वामी! हे मेरे नाथ! हे त्रिपुरासुर का वध करने वाले! आपकी महिमा तीनों लोकों में विख्यात है। चर, अचर, नाग, मनुष्य और देवता सभी आपके चरण कमलों की सेवा करते हैं॥

**( क्रमशः.. )**

## प्रकृति की अप्रत्याशित और अबूझ विपदाएं

दो हजार पच्चीस मौसम की विचित्र-विचित्र हलचलों के कारण भयभीत कर रहा है। आरंभ में ही तिब्बत में भूकंप आया। अमेरिका के बड़े महानगर कैलिफोर्निया के धनाढ्य प्रांत लॉस एंजिलिस की वनाग्नि ने भी जनवरी के प्रथम सप्ताह में व्यापक विनाश कर दिया है। इस विनाशलीला में अब तक 24 लोगों की मृत्यु हो चुकी है। सोलह लोग लापता हैं। हजारों एकड़ वनक्षेत्र, आवास क्षेत्र, चल-अचल संपत्तियां जलकर भस्म हो गई हैं। तेज हवाओं के कारण आग पर नियंत्रण पाना कठिन हो रहा है। स्थानीय अग्निशमन विभाग की नवीनतम अग्नि-नियंत्रक प्रणालियां भी आग का फैलाव रोकने में विफल सिद्ध हुई हैं। आधुनिक सुख-सुविधाओं और नवोन्नत तकनीकों-प्रौद्योगिकियों से युक्त अमेरिका जैसा देश अग्नि-आपदा के सामने निरुपाय व असहाय प्रतीत होता है। इस आग को लगे हुए एक सप्ताह से अधिक समय हो चुका है। लाखों लोग अपना जलता, राख होता हुआ घरबार छोड़कर पलायन कर चुके हैं। अग्नि के प्रचंड प्रसार की समयावधि में पलायन हुआ तो खाली घरों, भवनों, संरचनाओं, परिसरों, कार्यालयों में लूटपाट की घटनाएं भी हुईं। ऐसी घटनाओं की ओट से लुटेरों के रूप में विद्यमान मनुष्यों का आकलन किया जाए तो इनके बारे में यही अनुभव होता है कि इनमें विपदावधि में भी प्रकृति और मनुष्यता के लिए संवेदना नहीं उभरी। अमेरिका विश्व का सर्वाधिक शक्तिशाली देश है। उसके पास जीवन जीने व संभालने के सबसे आधुनिक एवं उन्नत साधन हैं। उसके पास देश व लोगों की रक्षा-सुरक्षा के लिए अत्याधुनिक मशीनें हैं।

इसके बाद भी पूरा अमेरिका अपने एक महत्त्वपूर्ण नगर लॉस एंजिलिस में अपेक्षानुरूप अग्निदहन रोक पाने में विफल सिद्ध हुआ है। यह घटना जगत की संपूर्ण मानवजाति को यही शिक्षा देती दिख रही है कि प्रकृति व पर्यावरण का अत्यधिक अनुचित दोहन रोक दो, बंद कर दो। आश्चर्य ये है कि संपूर्ण विश्व में जब अधिसंख्य क्षेत्र शीतऋतु के प्रभाव में हैं और अमेरिका में भी शीताधिकता परिव्याप्त है, उस समयावधि में लॉस एंजिलिस के समीपस्थ पर्वत श्रृंखलाओं के वनों में आग लगना और इसका विनाशक बनकर फैलना, वैज्ञानिक विश्व की समझ से परे है। यह आग क्यों लगी, इसका ठोस कारण अभी तक ज्ञात नहीं हो पाया है। आग के तेजी से भडक़ने और फैलने का एकमात्र कारण तो तेज चलती हवा के रूप में स्पष्ट दिखाई देता है, किंतु यह भी आश्चर्य से कम नहीं कि ऐसी हवा इस मौसम में क्यों चल रही है। प्राय- इस मौसम में न तो ऐसा अग्निकांड ही अभिलेखित आधुनिक दुनिया में पहले कभी हुआ और न ही कभी ऐसी हवाएं चलीं, जिनके कारण वनाग्नि ने लाखों लोगों के आवास सहित उनका पूरा भौतिकीय जनजीवन ही ध्वस्ताधूत कर दिया हो। व्यतीत कुछ वर्षों में अमेरिका का अग्निकांड सबसे विचित्र प्राकृतिक विपदा है। दुनिया को प्राकृतिक अस्थिरता, असंतुलन एवं असहजता से ग्रस्त करने के मूकदोषी तथाकथित वैज्ञानिकों के लिए अग्निदहन का यह प्रसंग शोध का विषय होना चाहिए। वे इस पर शोध करेंगे भी। वे ही क्यों, दुनिया के सभी वैज्ञानिक अपने-अपने हितों व स्वार्थ सिद्धियों के लिए इस संदर्भ में शोधपरक अवश्य बनेंगे। ऐसे ही वर्तमान से पहले की असंख्य आपदाओं, विपदाओं और अतिवृष्टियों पर भी अनेक शोध होते रहे हैं, किंतु उनसे दुनिया के जनजीवन का भविष्य प्राकृतिक रूप में सुरक्षित नहीं हो सका है। दिन-प्रतिदिन और यहां तक कि एक दिन में भी प्रहर-प्रतिप्रहर पृथ्वी, नभ, जल, वायु, अग्नि का प्राचीन संतुलित चक्र विकृत होता जा रहा है। प्रति वर्ष एक ही ऋतु पृथक-पृथक ढंग से विद्रूप हो रही है। हरेक वर्ष ऋतुओं का अपना स्वरूप ही प्रतिकूल ढंग से परिवर्तित हो रहा है। उधर अमेरिका में शीतऋतु में अग्निकांड हो रहा है, तो इधर चीन में शीतजन्य एक नया विषाणु वातावरण में फैल चुका है। सन् 2019 में चीन से प्रसारित कोरोना महामारी के बाद अब पुन: शीतऋतु के बदले हुए रूप में चीन में एक नया विषाणु फैल गया है। इसने वहां कई लोगों को रोगग्रस्त कर दिया है। वृद्धजन एवं बच्चे इससे अधिक प्रभावित हैं। इस कारण कई लोग अपने प्राण गंवा चुके हैं। दुनिया इसे चीन द्वारा फैलाया गया नया स्वास्थ्य संकट समझ रही है, किंतु संभवत: यह भी ऋतुविकृति का ही दुष्परिणाम प्रतीत हो रहा है। ऋतुओं की विकृतियों के उत्सर्जन, आवृत्ति और विघटन को पर्याप्त ढंग से समझने के लिए अभी अमेरिका, चीन या अन्य देशों के वैज्ञानिक व चिकित्सक सक्षम नहीं हैं। जैसे अमेरिका में फैली अग्नि के प्रामाणिक कारक अज्ञात हैं, वैसे ही चीन में नए विषाणु के उत्सर्जन के कारक भी अज्ञात ही हैं। इसी समयावधि में जापान भी भूकंप से प्रभावित हुआ है। वहां सुनामी आने की आशंकाएं भी प्रकट की जा रही हैं। वर्ष के आरंभिक माह में ही पूरी दुनिया में प्राकृतिक आपदाओं की अधिकता दिख रही है। शीत ऋतु में सामान्य व प्रचलित शीतजन्य कष्टों से तो जनजीवन घिरा ही हुआ है, साथ ही पर्यावरण की अप्रत्याशित और अबूझ विपदाएं भी जीवन को पूरी तरह असुरक्षित कर रही हैं।

ऐसे में कर्ताधर्ताओं, धन-संसाधन संपन्न व्यक्तियों, पूंजीपतियों, शासकों को ही नहीं बल्कि लोगों को भी निरंतर अपने हृदय का पक्ष सुनना होगा। अब जीवित श्वास लेते मनुष्यों को बुद्धिमत्ता से अधिक आत्मचेतना के साथ जीवन-जगत के बारे में सोचना होगा। बुद्धि के दुष्परिणाम दिनोंदिन भीषण रूप में सामने आ रहे हैं। दुनिया का भौतिक विज्ञान व वैज्ञानिक कितनी ही विद्वता, व्यावसायिकता एवं सकारात्मकता के साथ लोककल्याण की दिशा में अपने प्रयोग करें, किंतु हर बार अंतत: अभिशाप का विघटन ही लोकसमाज को झेलना पड़ता है। विज्ञान का वरदान पक्ष स्वप्नातीत हो चुका है। इसीलिए अब हृदय, आत्मा और संवेदना के साथ जीवन-यात्रा करने का समय आ चुका है। ऐसा करे बिना प्रकृति शांत नहीं होगी। यदि अभी इस समय से दुनिया मूलतत्त्वों से छेड़छाड़ न करने का संकल्प लेकर सादगी से जीवन जीना आरंभ करती है, तो ऐसे इस तरह चार-पांच सौ वर्षों तक जीने-रहने के अभ्यास के उपरांत कहीं जाकर प्राकृतिक संतुलन पुनर्स्थापित हो सकेगा। भारत में प्रकृति के पंचतत्त्वों को ईश्वर के संजीवित प्रतिनिधियों के रूप में पूजने का प्रचलन प्राकृतिक संतुलन के ध्येय हेतु सर्वोत्तम सार्वजनिक अभ्यास है। इन दिनों महाकुंभ में आस्थावान व्यक्तियों द्वारा ऐसा ही अभ्यास किया जा रहा है। युग की गति, घटी, घड़ी व स्थिति व्यक्तियों का आह्वान कर रही है कि महाकुंभ के प्रकाश-मार्ग से होते हुए धर्म, भक्ति एवं आस्था के सन्मार्ग पर प्रशस्त हों। निश्चित रूप से, ऐसा करने से ही मनुष्य एवं मनुष्यलोक का उद्धार हो सकेगा।

**विकेश कुमार बडोला**
**स्वतंत्र लेखक**

## राशिफल

**माघ कृष्ण पक्ष नवमी** | **(विक्रम संवत् 2081)**

**मेष- (चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ)**
स्वास्थ्य थोड़ा सा ध्यान देने लायक है। प्रेम-संतान की स्थिति बहुत अच्छे की ओर जा रही है।

**वृष- (ई, उ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे , वो)**
गुण-ज्ञान की प्राप्ति होगी। बुजुर्गों का आशीर्वाद मिलेगा। स्वास्थ्य थोड़ा मध्यम रहेगा।

**मिथुन- (का, की, कु, घ, ड , छ, के, हो, हा)**
विद्यार्थियों के लिए अच्छा रहेगा। प्रेम में थोड़ा तू-तू,मैं-मैं का संकेत है। लेकिन कोई बड़ी बात नहीं होगी।

**कर्क- (ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डा)**
भौतिक सुख-संपदा में वृद्धि होगी। स्वास्थ्य में सुधार होगा। प्रेम-संतान थोड़ा मध्यम है।

**सिंह- (मा, मी, मु, मे, मो, टा, टी, टु, टे)**
पराक्रम रंग लाएगा। व्यावसायिक सफलता मिलेगी। अपनों का साथ होगा। स्वास्थ्य में सुधार।

**कन्या- (टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो)**
धनार्जन होगा। वाणी पर ध्यान रखना है और रुपए-पैसे किसी को देने पर ध्यान रखना है।

**तुला- (रा, री, रु, रे, रो, ता, ती, तू, त)**
सितारों की तरह चमकेंगे। आकर्षण के केंद्र बने रहेंगे। समाज में सराहना होगी। आपका कद बढ़ेगा।

**वृश्चिक- (तो, ना, नी, नु, ने, नो, या, यी, यू)**
घबराहट, बैचेनी बनी रहेगी। अज्ञात भय सताएगा। स्वास्थ्य थोड़ा मध्यम,प्रेम-संतान की स्थिति भी मध्यम, व्यापार ठीक है।

**धनु- (ये, यो, भा, भी, भू, धा, फा, ढा, भे)**
आय के नवीन स्रोत बनेंगे। यात्रा का योग बनेगा। रुका हुआ धन वापस मिलेगा।

**मकर- (भो,जा,जी,जू,जे,जो,खा,खी,खू,खे,गा,गी)**
कोर्ट-कचहरी में विजय मिलेगा। स्वास्थ्य पहले से बेहतर। प्रेम-संतान अच्छा है। व्यापार भी अच्छा है।

**कुम्भ- (गू, गे, गो, सा, सी, सु, से, षो, द)**
भाग्य साथ देगा। रोजी-रोजगार में तरक्की करेंगे। यात्रा का योग बनेगा। धर्म-कर्म में हिस्सा लेंगे।

**मीन- (दी, दु, झ, ध, दे, दो, च, चा, चि)**
थोड़ा बचकर पार करें।कोई रिस्क न लें। परिस्थितियां अभी प्रतिकूल हैं। बस एक दिन और।





उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ महाकुंभ के त्रिवेणी संकुल पहुंचे और यहां पर कैबिनेट मंत्रियों के साथ महाकुंभ को लेकर स्पेशल मीटिंग हुई। इस मीटिंग के लिए यूपी कैबिनेट के सभी 54 मंत्रियों को बुलाया गया था, जिसमें कई प्रस्तावों पर चर्चा हुई। मीटिंग के बाद पूरी कैबिनेट ने संगम में डुबकी लगाई और गंगा पूजन किया।

# जेल में क्रिकेट मैच का आयोजन




**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** जिला कारागार, में कल दूसरे दिन जेल प्रीमियर लीग क्रिकेट मैच का रोमांचक आगाज हुआ। इस अवसर पर जेल अधीक्षक बृजेश कुमार व जेलर संजय कुमार शाही कारापाल के शिशिरकांत कुशवाहा उपकारापाल, सुरजीत सिंह उपकारापाल, श्रीमती ज्ञानलता पाल उपकारांपाल आदि अधिकारी उपस्थित रहे।

जेल क्रिकेट प्रीमियर लीग के दूसरे दिन का आगाज बेहद जोश और उत्साह के साथ हुआ। इस अनोखे टूर्नामेंट में खिलाडियों का उत्साह देखते ही बनता है, और बंदी दर्शकों का समर्थन इस आयोजन को और भी खास बना रहा है। दूसरे दिन के पहले मैच के मुकाबले में जेल किंग्स व जेल रॉयल्स के बीच हुआ। जिसमें जेल किंग्स ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुये 12 ओवर में 09 विकेट के नुकसान के साथ 96 रन का लक्ष्य अभिषेक की 40 रनों की साक्षेदारी के साथ जेल रॉयल्स के सामने रखा। जेल रॉयल्स टीम के कप्तान शून्य पर आउट होते हुये लक्ष्य को पाने में असफल रहे व उनकी टीम 37 रन पर ही ऑलआउट हो गयी।

वही दूसरा मुकाबला जेल इंडियन व जेल नाईटराईडर के बीच हुआ। जिसमें जेल इंडियन ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का चयन करते हुये जेल नाईटराईडर के सामने 80 रन का लक्ष्य रखा। जेल नाईटराईडर ने अपने 06 विकेट के नुकसान के साथ 11 वें ओवर में कपिल की शानदार बल्लेबाजी 30 रनों के साथ उनकी टीम ने 80 रन का लक्ष्य प्राप्त कर लिया।

अंत में, दोनों मुकाबले दर्शकों के लिये एक रोमांचक अनुभव साबित हुये। टूर्नामेंट का उद्देश्य खेल भावना को बढावा देना और प्रतिभाशाली खिलाडियों का मनोबल बढाना है। दोनों मैचों में दर्शकों की भारी संख्या में उपस्थिति थी।





भाकियू ( बलराज ) के गौतमबुद्धनगर के जिलाध्यक्ष योगेश वैष्णव कल अपने समर्थकों के साथ महाकुंभ में पहुंच स्नान कर संगठन द्वारा आयोजित चिंतन शिविर में भाग लिया।

# भाजपा पर मढ़ा उत्तरांचल समाज की उपेक्षा का आरोप

## उचित प्रतिनिधित्व न मिलने पर जताया आक्रोश




**नोएडा ( चेतना मंच )।** उत्तराखंड समाज ने भी अब भाजपा में उच्च पद देने तथा जनप्रतिनिधि से वंचित किए जाने पर आवाज बुलंद करनी शुरू कर दी है। उनका कहना है कि नोएडा में उत्तरांचल की संख्या काफी है इसलिए उनके समाज से ही किसी को नोएडा महानगर का अध्यक्ष बनाया जाए। समाज हमेशा से ही भाजपा का समर्पित वोटर रहा है।

समाज के लोगों का कहना है कि आज भाजपा की उपेक्षा के कारण उत्तराखंड मूल के भाजपा कार्यकर्ताओं में निराशा का भाव पैदा हो रहा है। गाजियाबाद, मेरठ, नोएडा, गौतमबुद्धनगर, कानपुर, लखनऊ, मुरादाबाद, रामपुर, बरेली, प्रयागराज, बिजनौर, मुजफ्फरनगर, सहारनपुर आदि कई जिलों में निर्णायक वोट के रूप में भाजपा को वोट देने वाले उत्तराखण्ड वासियों को राजनीतिक रूप से किनारा कर दिया है।

जिला अध्यक्ष तो दूर की बात मंडल अध्यक्ष तक नहीं बनने दिया जा रहा है। पहले कुछ महानगरों में 1 या दो मंडल अध्यक्ष बनते थे लेकिन सर्व स्पर्शी सर्व व्यापी भाजपा का यह नारा सिर्फ नारा ही रह गया है और स्थिति शून्य हो गयी है। क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि अपने लोगों को बढ़ावा दे रहे हैं। उत्तराखंड के कार्यकर्ता को किनारा कर रहे हैं।

भाजपा जिला अध्यक्ष पद पर कानपुर के सुरेंद्र मैथानी के अलावा आज तक कोई नहीं बन पाया अब देखना है कि भाजपा नोएडा समेत किस शहर में अध्यक्ष के चुनाव में किसी उत्तराखण्ड वासी को स्थान देती है या नहीं।

# माकपा प्रत्याशी के नेतृत्व में सीपीआई (एम) कार्यकर्ताओं ने किया जनसंपर्क



**नई दिल्ली।** बदरपुर विधानसभा के मीठापुर गांव, एकता विहार, जैतपुर, सांई नगर, लखपत कॉलोनी, गगन विहार आदि में बदरपुर विधानसभा सीट से भारत की कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी के प्रत्याशी कामरेड जगदीश चंद्र शर्मा ने पार्टी नेता कामरेड आशा शर्मा, कविता शर्मा, पीवी अनियन, सुबीर बनर्जी, गंगेश्वर दत्त शर्मा, सोनिया वर्मा, रामसागर, मलखान सैफी, अशोक, आनंद आदि पार्टी कार्यकर्ताओं और समर्थकों के साथ क्षेत्र के लोगों से जनसंपर्क कर पार्टी व अपनी योजनाओं को साझा किया और कहा कि हमारी पार्टी गरीब मजदूर और किसानों के हितों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है और हमेशा मेहनतकशों, युवाओं, महिलाओं और आम जनता के अधिकारों के लिए व क्षेत्र की समस्याओं के समाधान के लिए संघर्ष करती आ रही है और जीतने के बाद क्षेत्र का समुचित विकास सुनिश्चित किया जाएगा।

माकपा नेता गंगेश्वर दत्त शर्मा ने कहा कि कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी से दिल्ली विधानसभा चुनाव में बदरपुर और करावल नगर क्षेत्र से दो प्रत्याशी चुनाव में उतारे हैं जो मजबूती के साथ चुनाव लड़ रहे हैं और जनता का भरपूर समर्थन पार्टी प्रत्याशियों को मिल रहा है।

# गरीबों को देश भर में नि:शुल्क शिक्षा मिले :ओझा



**नई दिल्ली/नोएडा।** पटपड़गंज विधानसभा क्षेत्र से आम आदमी पार्टी के प्रत्याशी एवं प्रसिद्ध शिक्षक अवध ओझा ने चुनाव प्रचार करते हुए केंद्र सरकार से गरीबों के लिए कई मांगे मांगी हैं।

उन्होंने केंद्र से मांग कि है कि शिक्षा का बजट बढ़कर 10 प्रतिशत किया जाए। उन्होंने कहा कि देश भर में प्राइवेट स्कूलों की फीस पर लगाम लगे। वहीं उच्च शिक्षा के लिए सब्सिडी स्कॉलरशिप दी जाए। उन्होंने कहा कि हेल्थ का बजट भी बढ़ाया जाए और उन्होंने कहा है कि सीनियर सिटीजंस के लिए मजबूत रिटायरमेंट प्लान पेंशन की योजना भी बनाई जाए और बुजुर्गों को रेलवे के किराए में पहले 50 प्रतिशत की छूट मिलती थी वह भी शुरू किया जाए। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार इन सब मांगों को तत्काल स्वीकृत करें। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी की सरकार बनने जा रही है।

# वीएमसी ने जारी की नेशनल एडमिशन टेस्ट की तिथि

**नोएडा ( चेतना मंच )।** विद्यामंदिर क्लासेज वीएमसी अपने फ्लैगशिप टेस्ट यानी एनएटी के लिए तैयार है जिसके जरिए छात्र एडमिशन और स्कॉलरशिप पा सकेंगे। ये टेस्ट 25 जनवरी को ऑनलाइन मोड में होगा।

यह परीक्षा उन छात्रों के लिए है जो कक्षा 6वीं, 7वीं, 8वीं, 9वीं, 10वीं, 11वीं और 12वीं में जा रहे हैं। उन्हें विद्यामंदिर क्लासेज के विभिन्न प्रोग्राम्स में दाखिले और 100 प्रतिशत तक की स्कॉलरशिप पाने का अवसर मिलेगा। इस टेस्ट के माध्यम से छात्र जेईई और नीट जैसी परीक्षाओं की तैयारी में भी बढ़त हासिल करेंगे। इसके तहत वीएमसी संस्थापकों और विशेषज्ञों द्वारा मेंटॉरशिप/ मोटिवेशनल सेशंस, नि:शुल्क डाउट रिज़ॉल्यूशन, निकटतम वीएमसी केंद्र पर अकादमिक सहायता, अच्छी तरह से शोधित और वैज्ञानिक आधार पर तैयार किया गया ई–स्टडी मैटेरियल और असीमित मॉक टेस्ट का लाभ भी दिया जाएगा।

विद्यामंदिर क्लासेज के सह–संस्थापक बृज मोहन ने कहा कि विभिन्न चरणों में छात्रों की जरूरतों को समझना वीएमसी की शिक्षण पद्धति की प्रेरणा रहा है। यही कारण है कि हमारे छात्र राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर की परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हैं।




**पूर्वोत्तर रेलवे**

**ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरि. मंडल यॉंत्रिक इंजीनियर/फ्रेट एवं ईएनएचएम, पूर्वोत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा, निम्नलिखित कार्य हेतु बिड सिस्टम आधारित खुली ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं :–

**निविदा सूचना संख्या एवं कार्य का नाम : निविदा सूचना संख्या - 01-2025-Mech-Frt-Enhm** 'आरओएच ऑफ 3000 वैगन एट गोंडा आरओएच डिपो फॉर द पीरियड ऑफ 02 (टू) ईयर' **अनुमानित लागत :** रु. 6,55,35,205.90, **अग्रिम धन :** रु. 4,77,700.00, **निविदा की अवधि :** 24 माह।

• ई-निविदा प्रपत्र अपलोड करने की अंतिम तिथि एवं समय **14.02.2025, 15:00 बजे** तक एवं यह ई-निविदा दिनांक **14.02.2025 को 15:00 बजे के बाद खोली जाएगी।** • इस ई-निविदा से संबंधित विस्तृत जानकारी, न्यूनतम अर्हताएं तथा नियम एवं शर्तें, पूर्वोत्तर रेलवे की वेबसाईट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। • निविदाकार ई-निविदा प्रपत्र को अपलोड करने से पूर्व इस ई–निविदा सूचना से संबंधित शुद्धि पत्र (यदि कोई हो) को वेबसाइट पर संज्ञान में लेना सुनिश्चित करें।

**मंडल यॉंत्रिक इंजीनियर/समाडि**
**मुजाधि/यांत्रिक-109 पूर्वोत्तर रेलवे, लखनऊ**

**ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें**

**नौएडा**
**नवीन ओखला औद्योगिक विकास प्राधिकरण**
प्रशासनिक भवन, सैक्टर-6, नौएडा-201301, (उ.प्र.)
वेबसाइट : www.noidaauthorityonline.in

**ई-निविदा आमंत्रण सूचना**

अर्ह निविदाकारों से निम्न जॉब हेतु ई-निविदाएँ आमंत्रित की जाती हैं, जिन्हें निम्नानुसार तिथियों तक अपलोड किया जा सकता है एवं प्राप्त ई-निविदाओं को उनके सम्मुख दर्शायी गई तिथियों पर खोला जाएगा। निविदा सम्बन्धी समस्त विवरण व शर्तें नौएडा प्राधिकरण की वेबसाईट www.noidaauthorityonline.in एवं https://etender.up.nic.in पर उपलब्ध हैं। किसी परिवर्तन, संशोधन व अतिरिक्त सूचनाओं के लिए उक्त वेबसाईट देखते रहें।

| क्र. सं. | जॉब संख्या/कार्य का नाम | कार्य की लागत (रु. लाख में) |
|---|---|---|
| 1. | 59/निदे.(उ.)/उ.निदे.(उ.)–I/2024-25, एफ.एन.जी. मार्ग पर स्थित तिकोने, रोड सं.–06 ग्राम गढ़ी गोल चक्कर पर पथवृक्षारोपण के अंतर्गत सौन्दर्यीकरण एवं 02 वर्षीय अनुरक्षण कार्य। | 25.17 |

जिन्हें दिनांक 05.02.2025 को सायं 5.00 बजे तक अपलोड किया जा सकता है। प्राप्त निविदाओं की प्री-क्वालिफिकेशन बिड दिनांक 06.02.2025 को प्रातः 11.00 बजे खोली जायेगी।

**निदेशक (उद्यान)**
**नौएडा**

**कार्यालय : सैक्टर-39, नौएडा**

**स्वच्छ, हरित, सकुशल, सुरक्षित नौएडा**

**दैनिक चेतना मंच**

भगवान हनुमान बजरंग बली के अवतार श्री बालाजी ( मेंहदीपुर ) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार–पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में समर्पित है।

डाक पंजी. सं. L-10/GBD-574/99

RNI No. 69950/98

स्वामी मुद्रक प्रकाशक रामपाल सिंह रघुवंशी ने बीएफएल इन्फोटेक लि. सी–9, सेक्टर–3, नोएडा, गौतमबुद्धनगर ( यू पी. ) से छपवाकर, ए–131 सेक्टर–83, नोएडा से प्रकाशित किया।

संपादक–रामपाल सिंह रघुवंशी

Contact:
0120-2518100, 4576372, 2518200
Mo.: 9811735566, 8750322340
E-mail:
chetnamanch.pr@gmail.com
raghuvanshirampal365@gmail.com
raghuvanshi_rampal@yahoo.co.in
www.chetnamanch.com

## खास खबर

### प्राण प्रतिष्ठा की वर्षगांठ पर पूजा अर्चना

**जम्मू।** शिवसेना जम्मू-कश्मीर ईकाई ने अयोध्या की पवित्र भूमि पर प्रभु श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के एक वर्ष पूरे होने पर बुधवार को पार्टी प्रदेश मध्यवर्ती कार्यालय में प्रभु श्री राम की पूजा अर्चना की गई । इस मौके पर उपस्थित प्रदेश प्रमुख मनीश साहनी समेत अन्य वरिष्ठ नेताओं इस पूजा अर्चना में उपस्थित रहे। मनीष साहनी ने कहा इस पूजा अर्चना के दौरान प्रभु श्री राम से जम्मू.कश्मीर समेत पूरे देश व विश्व में अमन-बहाली, खुशहाली, आपसी भाईचारा, सुख, शांति और समृद्धि की कामना की गई। साहनी ने कहा कि अयोध्या में प्रभु श्री राम मंदिर आंदोलन को लेकर वंदनीय बालासाहेब ठाकरे और शिव सैनिकों के योगदान को कतई बुलाया नहीं जा सकता।

### भारतीय सीमा में घुसा पाकिस्तानी ड्रोन, जवानों ने की गोलीबारी

**पुंछ।** जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में नियंत्रण रेखा पार कर भारतीय सीमा में घुसे एक पाकिस्तानी ड्रोन को गिराने के लिए सेना के जवानों ने गोलीबारी की। गोलीबारी के बाद ड्रोन पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में वापिस लौट गया। अधिकारियों ने बताया कि जवानों ने देर रात जिले के मेंढर सेक्टर में सीमा बाड़ के पास ड्रोन की हरकत देखी और करीब एक दर्जन राउंड फायरिंग की। उन्होंने बताया कि इलाके में कुछ देर मंडराने के बाद ड्रोन पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में लौट गया। अधिकारियों ने बताया कि बुधवार सुबह होते ही तलाशी अभियान शुरू कर दिया गया है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि ड्रोन से कोई हथियार या नशीले पदार्थ न गिराए गए हों। तलाशी अभियान अभी जारी है।

### 3 से 5 फरवरी और फिर 8 फरवरी को दिल्ली में शराब की ब्रिकी बंद

**नई दिल्ली ।** दिल्ली सरकार ने शहर में शराब की दुकानें और शराब परोसने वाले अन्य प्रतिष्ठानों को तीन से पांच फरवरी तक मतदान के दिन और आठ फरवरी को नतीजे घोषित होने के दिन बंद रखने का आदेश दिया है। दिल्ली आबकारी आयुक्त द्वारा हाल में जारी अधिसूचना में मतदान के दिन और मतगणना के दिन विभिन्न आबकारी लाइसेंसों के लिए आबकारी नियम-2010 के तहत शुष्क दिवस घोषित किया है।

### एआई की मदद से रेलवे रोकेगी टिकटों की कालाबाजारी

**जयपुर।** रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने जानकारी देते हुए कहा रेलवे में टिकटों की कालाबाजारी को रोकने के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की मदद ली जाएगी। एआई के माध्यम से बायोमेट्रिक सत्यापन प्रणाली चेहरे की पहचान, फिंगरप्रिंट, स्कैनिंग के माध्यम से टिकटों की कालाबाजारी को रोका जाएगा। सुरक्षा बल के अधिकारियों ने यह भी जानकारी दी है। बुकिंग काउंटर पर अनाधीकृत गतिविधियों को रोकने के लिए एआई की मदद ली जाएगी। इसके लिए व्यापक स्तर पर तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। बुकिंग काउंटर और ट्रेनों में सघन अभियान टिकटो की कालाबाजारी रोकने के लिए चलाया जाएगा।

### अंग्रेजों का पुल चला 108 साल, भारतीयों का 58 वर्ष तक ही चलेगा

**नई दिल्ली।** भारत के पहले वर्टिकल लिफ्ट रेलवे सी ब्रिज, पंबन ब्रिज का जल्द ही उद्घाटन होने वाला है। 2.07 किलोमीटर लंबा यह ब्रिज रामेश्वरम द्वीप को मुख्य भूमि से जोड़ता है। यह पुल आधुनिक इंजीनियरिंग और तकनीक का एक उत्कृष्ट उदाहरण है। रेलवे के अनुसार, इसे भविष्य की यातायात जरूरतों को ध्यान में रखकर डिजाइन किया गया है। नव-निर्मित पंबन ब्रिज 108 साल पुराने पुल का स्थान लेगा। खास बात यह है कि नए पुल की आयु पुराने पुल से कम होगी।

# यूपी बनेगा एयरोस्पेस का महारथी: योगी

- 1 लाख युवाओं को मिल सकेगा रोजगार
- एयरोस्पेस नीति के लागू होने से स्वदेशी क्षमताओं, इनोवेशन और वैश्विक सहयोग को मिलेगी गति




एजेंसी

**महाकुम्भ।** विश्व के सबसे बड़े धार्मिक-सामाजिक समागम 'महाकुम्भ 2025' में जहां एक तरफ दुनियाभर के आस्थावानों का जुटान हो रहा है, वहीं प्रदेश की योगी सरकार ने भी इस महाकुम्भ के जरिए सूबे को 'महा सौगात' दे दी है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में बुधवार को तीर्थराज प्रयागराज में मंत्रिमंडल की बैठक आयोजित की गई, जिसमें योगी सरकार ने प्रदेश के विकास को गति देने के लिए 10 अहम प्रस्तावों को मंजूरी दी। इसमें उत्तर प्रदेश को एयरोस्पेस और डिफेंस सेक्टर में 'महारथी' बनाने के उद्देश्य से नई नीति को मंजूरी दी गई है। इसके अंतर्गत 50 हजार करोड़ के निवेश को आकर्षित करने का लक्ष्य है। इस नीति के लागू होने के बाद प्रदेश के 1 लाख युवाओं को सीधे-सीधे रोजगार मिलने की प्रबल संभावना है। महाकुम्भ नगर से प्रदेश को महासौगात देने के क्रम में अन्य अहम प्रस्तावों में विदेशी कंपनियों को उद्योग स्थापित करने के लिए एफडीआई नीति में योगी कैबिनेट ने अपनी मुहर लगा दी है। इसके अंतर्गत योगी सरकार भूमि पर 80 प्रतिशत तक सब्सिडी देगी। इसके अलावा यूपी औद्योगिक निवेश एवं रोजगार प्रोत्साहन नीति में भी बड़े सुधारों की तरफ योगी सरकार ने कदम बढ़ाए हैं। महाकुम्भ नगर के त्रिवेणी संकुल में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन हुआ। इस दौरान उत्तर प्रदेश एयरोस्पेस तथा रक्षा इकाई एवं रोजगार प्रोत्साहन नीति 2024 को मंजूरी दी गई। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा उत्तर प्रदेश को एक अग्रणी एयरोस्पेस तथा रक्षा केंद्र बनाने पर है, जिससे राष्ट्रीय सुरक्षा और आर्थिक समृद्धि सुनिश्चित करने के लिए स्वदेशी क्षमताओं, नवाचार और वैश्विक सहयोगी को गति मिल सकेगी। इस नीति का उद्देश्य यूपी में एयरोस्पेस और रक्षा (ए एंड डी) क्षेत्र को सशक्त बनाना है। इसके अंतर्गत यूपी रक्षा औद्योगिक गलियारा (यूपीडीआईसी) में एक मजबूत, विश्व स्तरीय, उच्च प्रौद्योगिकी और कुशल ए एंड डी मैन्यूफैक्चरिंग वातावरण बनाना है।

## राष्ट्रपति को भारत स्काउट्स और गाइड्स के डायमंड जुबली जंबूरी का आमंत्रण दिया



एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारत स्काउट्स एंड गाइड्स के मुख्य राष्ट्रीय आयुक्त डॉ. कृष्ण कुमार खंडेलवाल ने बुधवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मूको भारत स्काउट्स और गाइड्स के डायमंड जुबली जंबूरी के लिए मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया। यह आयोजन 28 जनवरी से 3 फरवरी तक तमिलनाडु के तिरुचिरापल्ली के मणप्पाराई स्थित एसआईपीसीओटी इंडस्ट्रियल पार्क में आयोजित किया जाएगा। हरियाणा के वरिष्ठ आईएएस अधिकारी (सेवानिवृत्त) डॉ. केके खंडेलवाल ने कहा कि डायमंड जुबली जंबूरी भारत स्काउट्स और गाइड्स के 75 गौरवशाली वर्षों का जश्न मनाने वाले वर्षभर के आयोजनों का प्रमुख हिस्सा है। देशभर के लगभग 20,000 स्काउट्स और गाइड्स के साथ-साथ एशिया-प्रशांत क्षेत्र और अन्य देशों के एक हजार अंतरराष्ट्रीय प्रतिभागियों को एक साथ लाएगा। सशक्त युवा, विकसित भारत थीम पर आधारित यह कार्यक्रम युवा सशक्तीकरण, सांस्कृतिक आदान-प्रदान और नेतृत्व विकास का उत्सव मनाएगा।

## बहुराष्ट्रीय अभ्यास ला पेरोस, भारत ने दिखाई समुद्री ताकत



- स्वदेशी विध्वंसक आईएनएस मुंबई के साथ लंबी दूरी के समुद्री निगरानी पी-8आई विमान ने लिया हिस्सा

एजेंसी

**नई दिल्ली।** दक्षिण पूर्वी महासागर क्षेत्र में तैनात भारतीय नौसेना का स्वदेशी विध्वंसक पोत आईएनएस मुंबई इंडोनेशिया के जकार्ता में बहुराष्ट्रीय अभ्यास ला पेरोस में हिस्सा लिया। इस अभ्यास का मकसद इंडो-पैसिफिक में समुद्री संबंधों को मजबूत करना, समुद्री सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए आपसी तालमेल बढ़ाना और अपने कौशल को एक साथ निखारना था। स्वदेशी विध्वंसक के साथ लंबी दूरी के समुद्री निगरानी पी-8आई विमान ने फ्रेंच-सीएसजी, रॉयल नेवी और रॉयल कैनेडियन नौसेना इकाइयों के साथ बहुराष्ट्रीय अभ्यास के समुद्री चरण में भाग लिया। नौसेना के कैप्टन विवेक मधवाल ने बुधवार को बताया कि अभ्यास के इस संस्करण में रॉयल ऑस्ट्रेलियाई नौसेना, फ्रांसीसी नौसेना, रॉयल नौसेना, संयुक्त राज्य अमेरिका की नौसेना, इंडोनेशियाई नौसेना, रॉयल मलेशियाई नौसेना, सिंगापुर गणराज्य की नौसेना और रॉयल कनाडाई नौसेना सहित विभिन्न समुद्री भागीदारों के कर्मियों, सतह और उप-सतह परिसंपत्तियों ने भागीदारी की।

### बीजेपी का नया गीत लॉन्च जो राम को लाए हैं, वही दिल्ली पर राज करेंगे

**नई दिल्ली।** बीजेपी ने दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए बुधवार को एक सॉन्ग जारी किया, जिसमें अयोध्या में राम मंदिर का जिक्र भी किया गया है। जो राम को लेकर आए, उनका राज होगा दिल्ली में शीर्षक वाले इस गीत में दिल्लीवासियों के समक्ष आने वाले प्रमुख मुद्दों पर भी प्रकाश डाला है, जैसे प्रदूषण, गंदा पेयजल, अनुचित कचरा निपटान, सीवेज की समस्या और लैंडफिल का ओवरफ्लो होना। बीजेपी ने दिल्ली में डबल इंजन सरकार के नारों पर जोर देते हुए सत्ता में आने पर बिना किसी भेदभाव के स्वास्थ्य बीमा देने का वादा किया है। इस गीत में सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी (आप) पर तंज करते हुए आप

## उत्तराखंड में दस लाख महिलाएं प्रशिक्षण के बाद बनेगी आपदा सखी

एजेंसी

**देहरादून।** मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने आपदा प्रबंधन विभाग को प्रदेश में 65000 से अधिक महिला स्वंय सहायता समूहों की 10 लाख से अधिक महिलाओं को आपदा प्रबंधन का प्रशिक्षण देकर उन्हें आपदा सखी बनाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि आपदा सखी आपदाओं के दौरान ग्राम और तहसील स्तर पर राहत व बचाव कार्यों में सहायता करेंगी। इसके अलावा उन्होंने आपदा जोखिम को कम करने के लिए बीमा योजना को लागू करने को भी कहा। मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने सचिवालय में आपदा जोखिम न्यूनीकरण पर सेन्डई (जापान)



फ्रेमवर्क क्रियान्वयन की समीक्षा की। बैठक में मुख्य सचिव ने आपदा जोखिम आंकलन के लिए प्रशिक्षित अधिकारियों की कमी के मुद्दे को गंभीर बताया। उन्होंने कहा कि आपदा से प्रभावित क्षेत्रों और गांवों में जोखिम आंकलन के लिए तत्काल मास्टर ट्रेनर को प्रशिक्षण

- आपदा सखी आपदाओं के दौरान ग्राम और तहसील स्तर पर राहत व बचाव कार्यों में सहायता करेंगी

देकर तैयार किया जाए। कहा कि आपदा प्रबंधन के क्षेत्र में अन्य देशों व राज्यों के मॉडल को अपनाने के बजाय विशेष परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए उत्तराखंड केंद्रित आपदा प्रबंधन मॉडल तैयार किया जाए। कहा कि आपदा प्रबंधन विभाग आपदाओं से निपटने, राहत व बचाव के लिए फ्रेमवर्क तैयार करें।

## इजराइली सेना प्रमुख का इस्तीफे का ऐलान हमास हमले की विफलता की ली जिम्मेदारी



एजेंसी

**तेल अवीव।** इजराइल डिफेंस फोर्सेज (आईडीएफ) के प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल हर्जी हलेवी ने मंगलवार को अपने इस्तीफे का ऐलान किया। उन्होंने रक्षा मंत्री को लिखे पत्र में कहा कि वह 06 मार्च को अपने पद से हटने का इरादा रखते हैं। हलेवी ने 2023 में दक्षिण इजराइल पर हमास के हमले को रोकने में सेना की विफलता की जिम्मेदारी ली है। आईडीएफ के प्रमुख हर्जी हलेवी ने कहा कि वह हमास हमले की जांच को 06 मार्च तक पूरा करेंगे और सेना को भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार करने पर ध्यान केंद्रित करेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि सेना की अगली पीढ़ी के लिए नेतृत्व को सुचारू रूप से सौंपने की प्रक्रिया को प्राथमिकता दी जाएगी। इस निर्णय के दौरान इजराइल और हमास के बीच युद्ध विराम लागू हो चुका है। समझौते के तहत दोनों पक्षों ने बंधकों की रिहाई का आदान-प्रदान किया है। हमास ने तीन इजराइली नागरिकों को रिहा किया।

## तमिलनाडु-कर्नाटक सीमा पर एल्लापुरा में ट्रक खाई में गिरा, नौ की मौत व दस घायल

- दुर्घटना में पीड़ित फल विक्रेता थे, जो सावनूर से फल बेचने के लिए जा रहे थे



एजेंसी

**चेन्नई।** तमिलनाडु और कर्नाटक को जोड़ने वाले सावनूर-हुबली मार्ग पर कर्नाटक घाटी के एल्लापुरा में बुधवार सुबह एक ट्रक गहरी खाई में गिर जाने से नौ लोगों की मौत हो गई। अन्य दस लोग घायल हुए हैं। दुर्घटना में पीड़ित फल विक्रेता थे, जो सावनूर से फल बेचने के लिए जा रहे थे। घायलों को हुबली के केआईएमएस अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उत्तर कन्नड़ के पुलिस अधीक्षक एम नारायण ने बताया कि सावनूर-हुबली मार्ग पर एक ट्रक से कुछ लोग फल बेचने के लिए सावनूर जा रहे थे। एल्लापुरा में जंगल वाले इलाके में सुबह करीब 5.30 बजे के लगभग दूसरे वाहन को साइड देने के प्रयास में ट्रक बाईं ओर चला गया और अनियंत्रित होकर करीब 50 मीटर गहरी घाटी में गिर गया। उन्होंने बताया कि इस दुर्घटना में नौ लोगों की मौके पर ही मौत हो गई।

## क्वाड देशों के विदेश मंत्रियों की बैठक

एजेंसी

**वॉशिंगटन।** डोनाल्ड ट्रम्प के शपथ ग्रहण के बाद मंगलवार को क्वाड के विदेश मंत्रियों की अहम बैठक हुई जिसमें अमेरिका के नवनियुक्त विदेश मंत्री मार्को रुबियो, भारतीय विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर और जापान एवं ऑस्ट्रेलिया के विदेश मंत्रियों ने हिस्सा लिया। जापान की तरफ से ताकेशी इवाया और ऑस्ट्रेलिया की विदेश मंत्री पेनी वोंग ने अपने-अपने देशों का प्रतिनिधित्व किया। चार देशों के समूह क्वाड का उद्देश्य इंडो पैसिफिक क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखना है। बैठक के बाद जारी साझा बयान में कहा गया कि, हम चारों देशों का दृढ़ विश्वास है कि समुद्री क्षेत्र सहित सभी क्षेत्रों में अंतरराष्ट्रीय



कानून, आर्थिक अवसर, शांति, स्थिरता और सुरक्षा, भारत-प्रशांत के लोगों के विकास और समृद्धि को दशार्ता है। हम किसी भी एकतरफा कार्रवाई का दृढ़ता से विरोध करते हैं जो बलपूर्वक या जबरदस्ती यथास्थिति को बदलने का प्रयास करती है। साथ ही कहा, हम बढ़ते खतरों के बावजूद क्षेत्रीय समुद्री, आर्थिक और तकनीकी सुरक्षा को मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

## पृष्ठ एक के शेष....

**गंगा पंडाल में भक्ति...**

प्राचीन मंदिर परंपराओं को पुनर्जीवित किया। उनकी प्रस्तुति में ध्वनि और प्रकाश का ऐसा अनूठा संयोजन था जिसने दर्शकों को भाव-विभोर कर दिया।

कार्यक्रम की अंतिम कड़ी में प्रसिद्ध पार्श्व गायिका प्रतिभा सिंह बघेल ने अपने सुमधुर भजनों से पूरे गंगा पंडाल को मधुर रस में सराबोर कर दिया। उन्होंने 'सत्यम शिवम सुंदरम' और 'बाजे रे मुरलिया' जैसे लोकप्रिय गीतों से दर्शकों को मोहित किया। उनके गीतों ने महाकुंभ की भक्ति पूर्ण वातावरण को और अधिक ऊर्जावान बना दिया।

आज के दिन के कार्यक्रम विशेष रूप से ऐतिहासिक रहे, क्योंकि इसी दिन अयोध्या में प्रभु श्री राम की नव निर्मित मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ था। महाकुंभ 2025 भारतीय संस्कृति और सनातन परंपराओं के प्रसार का अनूठा मंच बन गया है।

**मुठभेड़ में शहीद...**

जिसके बाद वे चिकित्सकों की देख-रेख में थे। गुरुवार को उनका बलिदान हुआ।

शहीद हुए इंस्पेक्टर सुनील कुमार को पुलिस लाइन में अंतिम सलामी के बाद पार्थिव शरीर को मसूरी गांव ले जाया गया। बलिदानी इंस्पेक्टर को एडीजी मेरठ जोन डीके ठाकुर, एसएसपी एसटीएफ लखनऊ घुले, सुशील चंद्रभान, डीआईजी कलानिधि नैथानी, एसएसपी डॉ. विपिन ताड़ा ने कंधा दिया।

**बिहार का धनकुबेर...**

पटना से आई विजिलेंस टीम सुबह से डीईओ से पूछताछ कर रही है। जांच में अब तक भारी मात्रा में कैश बरामद किया गया है। नोट गिनने के लिए मशीन मंगवाई गई है।

बताया जा रहा है कि जिला शिक्षा पदाधिकारी के घर बरामद कैश को डबल बैड में भरकर रखा गया था। छापेमारी के दौरान बड़ी मात्रा में 500, 100 और 200 रूपये की गड्डियां बरामद हुई हैं।

**नेताजी के व्यक्तित्व...**

चयनित होने के बाद भी नेता जी ने राष्ट्र के लिए अपनी नौकरी की तिलांजलि दे दी। उस समय देश को प्लेग और सूखा सहित कई चुनौतियों से जूझना पड़ रहा था। उस विपत्ति के समय में कैसे राष्ट्रभावना जागृत की जाए, वह नेताजी ने करके दिखाया। उस अभियान से जुड़कर नेता जी ने युवाओं के अंदर देशभक्ति का भाव जागृत किया।

**खाने में ज्यादा नमक...**

उसने कहा कि दोनों साथ जियेंगे और मरेंगे। इसी बीच आसपास के लोग मौके पर आ गए। मुकेश कुमार नामक व्यक्ति ने उन्हे उपचार के लिए नोएडा के जिला अस्पताल में भर्ती करवाया है। दोनों की हालत नाजुक बनी हुई है। उन्हें उपचार के लिए दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल में रेफर किया गया है।

**आइथम गैलरिया...**

बनाकर छापेमारी की गई। पुलिस ने मौके से कुंदन ठाकुर पुत्र अर्जुन ठाकुर और राकेश राम पुत्र स्वर्गीय ठोड़े राम को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने भारी मात्रा में शराब बरामद की है। पूछताछ के दौरान गिरफ्तार आरोपियों ने पुलिस को बताया है कि वे लोग पैसे कमाने की लालच में शराब खरीद कर लाते हैं, तथा मॉल में आने वाले लोगों को बेचते हैं। इनके खिलाफ थाना बीटा-2 में मुकदमा दर्ज करवाया गया है।

**अक्टूबर-2024 के...**

साथ वहां मौजूद प्राकृतिक पोखर, तालाबों को बचाया जा सके। न्यू नोएडा 209.11 वर्ग किमी में यानी 20 हजार 911.29 हेक्टेयर में बसाया जाएगा। इस मास्टर प्लान को चार फेज में पूरा किया जाएगा। 2023-27 तक इसके 3165 हेक्टेयर को विकसित किया जाएगा। इसी तरह 2027 से 2032 तक 3798 हेक्टेयर एरिया को विकसित किया जाएगा। इसके बाद 2032-37 तक 5908 हेक्टेयर और अंत में 2037-41 तक 8230 हेक्टेयर जमीन को विकसित करने का प्लान है। ऐसे में यहां अधिसूचना के बाद अवैध निर्माण को रोकना बड़ी चुनौती है।

**चार बिल्डर्स को...**

में 21 और 22 जनवरी को ई ऑक्शन कराया गया। सर्वाधिक बोली लगाने वाले चार डेवलर्स को भूखंड आवंटन किया गया। जिन भूखंडों के लिए बोली नहीं लगी उनके लिए दोबारा से आवेदन प्रक्रिया को खोला जाएगा।

**हाई सिक्योरिटी से...**

लिए यहां आईएसटीएमएस के तहत कैमरे लगाए है। इन कैमरों को पोल पर लगाया गया है। पोल क्रैश बैरियर के अंदर यानी एक्सप्रेस वे की ओर लगे है। इसका कुछ हिस्सा ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के पास भी है। इसके लिए इसे सिक्यूरिटी लैस एक्सप्रेस वे बनाना चाहते है। एक्सप्रेस वे का कुछ हिस्सा ग्रेटर नोएडा के पास है। इसके लिए ग्रेटर नोएडा प्राधिकारण से भी बातचीत की जाएगी।

## एचसीएल ने की साईक्लोथॉन के तीसरे संस्करण की घोषणा

**नोएडा (चेतना मंच)।** अग्रणी वैश्विक समूह, एचसीएल ग्रुप द्वारा 23 मार्च, 2025 को नोएडा में एचसीएल साईक्लोथॉन के तीसरे संस्करण का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम का आयोजन साईक्लिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा किया जाता है, जिसमें साईकल प्रेमियों और स्थानीय समुदायों को उत्साहवर्धक अनुभव प्राप्त होता है। इस बार साईक्लोथॉन में 33.6 लाख रुपये की पुरस्कार राशि वितरित की जाएगी, जो एशिया में किसी भी साईकल रेस के मुकाबले अधिक है। इस रेस में पूरे देश के लोग हिस्सा ले रहे हैं। www.hclcyclothon.com पर रेस के लिए रजिस्ट्रेशन चल रहे हैं, जो 9 मार्च, 2025 को बंद हो जाएंगे।

एचसीएल साईक्लोथॉन की शुरुआत 2023 में एचसीएल ग्रुप द्वारा की गई थी। इसका उद्देश्य साईक्लिंग की मदद से विभिन्न पृष्ठभूमि के लोगों को एकजुट करना है। इससे पहले दिल्ली, चेन्नई और हैदराबाद में आयोजित हुए साईक्लोथॉन में 25 राज्यों से 10,000 से ज्यादा साईक्लिस्ट हिस्सा ले चुके हैं।

2025 में साईक्लोथॉन की थीम चेंज योर गीयर है, जो व्यक्तिगत स्वास्थ्य और सस्टेनेबल जीवन के लिए साईक्लिंग की शक्ति को प्रदर्शित करती है। एचसीएल ग्रुप में प्रेसिडेंट ऑफ स्ट्रेट्जी, सुंदर महालिंगम ने कहा, "साईक्लिंग एक खेल से बढ़कर है। यह स्वस्थ जीवनशैली और सस्टेनेबल भविष्य के लिए परिवर्तन का शक्तिशाली साधन है।



## खास खबर

### वैभव ने की शानदार बल्लेबाजी, राज गार्डेन पहुंचा सेमीफाइनल में

**लखनऊ ।** बाबू बनारसी दास क्रिकेट लीग के सी डीविजन के क्वार्टर फाइनल मैच में मल्टी फेसीलिटी क्रिकेट को हराकर राज गार्डेन ने सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। इस मैच में वैभव यादव ने धुआंधार बल्लेबाजी करते हुए 53 रन बनाये। राज गार्डेन ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 40 ओवर में पांच विकेट गवांकर 217 रन बनाये। सलामी बल्लेबाज प्रमोद कुमार ने 26 रन का योगदान दिया। वहीं शिवम ने 31 रन बनाये। वहीं अविनाश यादव ने पांच चौकों की मदद से 51 रन बनाये। वहीं वैभव यादव ने नौ चौकों की मदद से 53 बाल पर 53 रन का योगदान दिया। अनुज ने 34 रन बनाये। वहीं मल्टी फेकेल्टी की पूरी टीम 214 रन बनाकर आउट हो गयी और राज ने तीन रन से मैच को जीतकर सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया।

### स्व. रामेश्वर पटेल की स्मृति में टेनिस बॉल क्रिकेट टूर्नमेंट का आयोजन

**इन्दौर ।** गीता रामेश्वर ट्रस्ट के तत्वाधान में म.प्र. शासन के पूर्व मंत्री स्व. रामेश्वर पटेल की स्मृति में अधिवक्ताओं के लिए दो दिवसीय टेनिस बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया जाएगा। यह टूर्नामेंट 8 और 9 फरवरी 2025 को इन्दौर के आर-9 क्रिकेट ग्राउंड, ग्राम अंबामोलिया, विद्या सागर स्कूल के पास आयोजित होगा। जानकारी देते हुए ट्रस्ट के अध्यक्ष विनोद सत्यनारायण पटेल व सचिव चेतन चौधरी ने बताया कि 8 फरवरी (शनिवार) और 9 फरवरी (रविवार) 2025 को आर-9 क्रिकेट ग्राउंड, ग्राम अंबामोलिया, इन्दौर पर दो दिवसीय अधिवक्ता क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया जा रहा है, जिसमे इंट्री फीस प्रत्येक टीम के लिए 3000 रुपए रखी गई है। रजिस्ट्रेशन केवल पहले 32 टीमों का किया जाएगा। प्रत्येक टीम में 11 खिलाड़ी होंगे, जो सभी अधिवक्ता होने चाहिए। रजिस्ट्रेशन और जानकारी के लिए विजय व्यास- 8871617402, सौरभ हार्डिया- 7987673676 से संपर्क कर सकते हैं।

### चहल ने लिखा सच्चा प्यार दुर्लभ

**मुम्बई ।** क्रिकेटर यजुवेन्द्र चहल की निजी जिंदगी में आजकल सबकुछ ठीक नहीं चल रहा। पत्नी पत्नी धनश्री वर्मा से उनके रिश्ते पहले की तरह नहीं रहे और दोनो के बीच अलगाव की चर्चाएँ हैं। यह संदेह समय के साथ ही बढ़ता जा रहा है क्योंकि दोनों ने ही इसपर अब तक कोई स्पष्ट जवाब नहीं दिया है। इसी कड़ी में अब चहल ने सोशल मीडिया पर अपनी कुछ नई तस्वीरें साझा की हैं। इस पोस्ट के साथ चहल ने जो लिखा उससे संदेह और बढ़ गया। चहल ने लिखा सच्चा प्यार दुर्लभ है। नमस्ते, मेरा नाम दुर्लभ है। युजी की पोस्ट के कुछ ही मिनटों में कई कमेंट्स आ गये। चहल ने एक साक्षात्कार के दौरान अपनी और धनश्री की लवस्टोरी का खुलासा किया था। चहल ने एक वीडियों में बताया कि कैसे उन्होंने डांस क्लास के दौरान धनश्री के साथ दोस्ती की और उस दोस्ती के साथ कैसे प्यार आगे बढ़ा। चहल ने इस वीडियो के दौरान कहा कि मैं बचपन से ही डांस और भांगड़ा सीखना चाहता था। इसलिए मैंने क्लास को ज्वॉइन किया और इस दौरान हम एक दूसरे को जानने लगे। धीरे धीरे हम एक दूसरे के साथ रिलेशनशिप में आए और इसके बारे में परिवार को बताया। मैंने दो महीने की डांस क्लास के बाद अपने घरवालों को बताया कि मैं धनश्री के साथ शादी करना चाहता हूं।

### जोकोविच, बाडोसा ऑस्ट्रेलियाई ओपन टेनिस के सेमीफाइनल में पहुंचे

**मेलबर्न ।** विश्व के पूर्व नंबर एक खिलाड़ी सर्बिया के नोवाक जोकोविच ऑस्ट्रेलियाई ओपन टेनिस के सेमीफाइनल में पहुंच गये हैं। जोकोविच ने क्वार्टर फाइनल में स्पेन के कार्लोस अल्काराज को 4-6, 6-4, 6-3, 6-4 से हराया। इस प्रकार वह अपने 25वां ग्रैंड स्लैम खिताब के बेहद करीब पहुंच गये हैं। अब उनका मुकाबला सेमीफाइनल में जर्मनी के अलेक्जेंडर ज्वेरेव से होगा।

# श्राची ने दिल्ली पाइपर्स को हराकर फाइनल में बनाए रखी उम्मीदें

■ श्राची राढ़ बंगाल टाइगर्स के लिए कैथरीन मल्लन ने दो गोल किए





**रांची ।** श्राची राढ़ बंगाल टाइगर्स ने बुधवार को मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा स्टेडियम में हुए हीरो महिला हॉकी इंडिया लीग (2024-25) के मुकाबले में दिल्ली एसजी पाइपर्स को हराया। कैथरीन मल्लन (21' और 33') ने बंगाल टाइगर्स के लिए दो गोल किए। पहले क्वार्टर में दोनों टीमों के बीच मिडफील्ड पर नियंत्रण की जंग चलती रही। इस दौरान गोल करने का एकमात्र मौका बंगाल टाइगर्स को 13वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर के रूप में मिला। हालांकि, कप्तान उदिता के प्रयास को एसजी पाइपर्स की रक्षा पंक्ति ने विफल कर दिया। दूसरे क्वार्टर की शुरूआत दिल्ली एसजी पाइपर्स ने अच्छे अंदाज में की और पहला पेनल्टी कॉर्नर अर्जित किया। दीपिका के ड्रैग फ्लिक को बंगाल टाइगर्स की गोलकीपर जेनिफर रिजो ने शानदार तरीके से बचा लिया। 21वें मिनट में मल्लन ने बंगाल टाइगर्स को बढ़त दिला दी। आयरलैंड की इस खिलाड़ी ने गेंद को सर्कल के किनारे तक ले जाकर, गोलकीपर बंसरी सोलंकी को पीछे छोड़ते हुए गोल किया। बंगाल टाइगर्स ने शानदार तरीके से मैच का नियंत्रण बनाए रखा, अपने 23 मीटर जोन की मजबूती से रक्षा की और काउंटर अटैक में एसजी पाइपर्स की रक्षापंक्ति को चुनौती दी। तीसरे क्वार्टर की शुरूआत में ही टाइगर्स ने दूसरा गोल कर बढ़त को दोगुना कर दिया। मल्लन ने अपना दूसरा गोल किया, लेकिन इसका श्रेय लालरेमसियामी को जाता है, जिन्होंने दाईं ओर से बेहतरीन सोलो रन करते हुए गेंद को गोललाइन तक पहुंचाया और मल्लन को आसान टप-इन पास दिया। एसजी पाइपर्स ने इसके बाद गोल करने के लिए हर संभव कोशिश की और तीसरे क्वार्टर में 13 बार सर्कल में प्रवेश किया। हालांकि, बंगाल टाइगर्स की रक्षा पंक्ति ने उन्हें केवल तीन शॉट्स तक सीमित रखा। चौथे क्वार्टर में भी कहानी कुछ वैसी ही रही। एसजी पाइपर्स ने लगातार दबाव बनाया, लेकिन भाग्य उनके साथ नहीं था। बंगाल टाइगर्स ने मजबूत डिफेंस दिखाते हुए अहम जीत दर्ज की। इस जीत के साथ बंगाल टाइगर्स के सात अंक हो गए हैं, जो जेएसडब्ल्यू सूरमा क्लब और ओडिशा वॉरियर्स से तीन अंक कम हैं। बंगाल टाइगर्स को फाइनल में जगह बनाने के लिए अपने आखिरी मैच में सूरमा हॉकी क्लब के खिलाफ बड़ी जीत दर्ज करनी होगी। श्राची राढ़ बंगाल टाइगर्स ने दिल्ली एसजी पाइपर्स को हराकर फाइनल की दौड़ में उम्मीदें बरकरार रखीं।

# कोलकाता में दूसरी बार भिड़ेंगी दोनों टीमें




एजेंसी

**कोलकाता ।** भारत और इंग्लैंड के बीच 5 मैचों की टी-20 सीरीज का पहला मुकाबला आज खेला जाएगा। दोनों टीमें 13 साल बाद कोलकाता के ईडन गार्डन्स स्टेडियम में भिड़ेंगी। आखिरी बार यहां दोनों टीमों का मुकाबला साल 2011 में हुआ था, तब इंग्लैंड को 6 विकेट से जीत मिली थी।

**मैच डिटेल्स**

तारीख- 22 जनवरी, 2025
जगह- ईडन गार्डन्स, कोलकाता
समय- टॉस- 6:30 PM, मैच स्टार्ट- 7:00 P M

**भारत ने इंग्लैंड के खिलाफ 54 प्रतिशत मैच जीते**

भारत और इंग्लैंड के बीच पहला टी-20 मैच 2007 के वर्ल्ड कप में खेला गया था। 2007 से दोनों टीमों के बीच 24 टी-20 खेले गए। 54% यानी 13 में भारत और 11 में इंग्लैंड को जीत मिली। भारत में दोनों टीमों ने 11 मैच खेले, यहां भी टीम इंडिया आगे है। टीम ने 6 और इंग्लैंड ने 5 मैच जीते। इंग्लिश टीम ने भारत में इस फॉर्मेट की आखिरी सीरीज 14 साल पहले 2011 में जीती थी। वहीं अपने घर में इंग्लैंड को आखिरी सफलता 2014 में मिली थी। दोनों बार भारत के कप्तान एमएस धोनी थे। इसके बाद दोनों टीमों ने 4 टी-20 सीरीज खेलीं, सभी भारत ने जीतीं।

**शमी की वापसी**

भारतीय तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी की इस मैच से वापसी हो सकती है। वे 2023 के वनडे वर्ल्ड कप फाइनल के 14 महीने बाद इंटरनेशनल मैच खेलेंगे। उन्होंने 19 नवंबर 2023 को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ आखिरी मैच खेला था।

# केन्द्रीय खेल मंत्री ने खो-खो विश्व कप जीतने वाली भारतीय महिला और पुरुष टीम से की मुलाकात



एजेंसी

**नई दिल्ली ।** केन्द्रीय युवा मामले और खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने भारत में खेले गए पहले खो-खो विश्व कप का खिताब जीतने वाली पुरुष और महिला टीम के खिलाड़ियों से मुलाकात करके दोनों टीमों बधाई दी। मांडविया ने बुधवार को सोशल मीडिया एक्स पर इस बात की जानकारी शेयर करते हुए लिखा, "पहले खो-खो वर्ल्ड कप को जीत कर इतिहास रचने वाली भारत की महिला और पुरुष टीम के साथ आज भेंट की। भारत के पारंपरिक खेल को विश्व स्तर गौरव दिलाने के लिए दोनों टीम को बधाई एवं भविष्य के लिए उन्हें शुभकामनाएं दी। पूरे देश को आप पर सभी पर गर्व है।"नई दिल्ली स्थित इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम में बीते रविवार को खेले गए पहले खो खो विश्व कप 2025 के फाइनल मुकाबले में भारत की पुरुष और महिला टीमों ने जीत दर्ज करते हुए खिताब अपने नाम किया। महिलाओं के फाइनल में भारतीय महिला खो खो टीम ने शुरूआत से ही नेपाल महिला टीम पर दबदबा बनाये रखा और 78-40 के एकतरफा स्कोर के साथ जीत दर्ज की।

# 38वें राष्ट्रीय खेलों की तैराकी प्रतियोगिता के लिए हल्द्वानी में विशेष प्रशिक्षण शुरू



एजेंसी

**देहरादून ।** उत्तराखंड में आयोजित 38वें राष्ट्रीय खेलों की तैयारियां जोरों पर हैं। खेल विभाग इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम हल्द्वानी में खिलाड़ियों के लिए तैराकी का विशेष प्र??शिक्षण आयोजित कर रहा है। प्रशिक्षण में उत्तराखंड के अलावा अन्य राज्यों से भी खिलाड़ी प्रतिभाग कर रहे हैं। अंतरराष्ट्रीय मानकों के आधार पर खिलाड़ियों को बेहतर सुविधा और प्रदर्शन के लिए स्विमिंग पूल में विशेष पूल हीटिंग सिस्टम भी लगाया गया है, ताकि ठंड के मौसम में भी खिलाड़ी बिना किसी बाधा के प्रशिक्षण प्राप्त कर सकें। यह कदम खिलाड़ियों को उनकी तकनीक और सहनशक्ति को और बेहतर बनाने में मदद करेगा। खेल मंत्री रेखा आर्या ने बताया कि खेलों में तैराकी की प्रतियोगिता आयोजित करना एक चुनौती थी। तैराकी के लिए स्विमिंग पूल समेत अन्य अंतरराष्ट्रीय स्तर की सुविधाओं की जरूरत थी। विशेष रूप से सर्दी के मौसम में भी पूल के तापमान को 22 डिग्री के आसपास रखना जरूरी था। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय मानकों के आधार पर स्विमिंग पूल तैयार किया गया और अब उत्तराखंड तैराकी के क्षेत्र में भी आगे बढ़ेगा।

# राष्ट्रीय खेलों के 31 खेलों में 340 खिलाड़ी लेंगे हिस्सा



एजेंसी

**लखनऊ ।** उत्तराखंड में होने वाले 38वें राष्ट्रीय खेलों के लिए उत्तर प्रदेश ने अब तक की सबसे अच्छी तैयारी की है। 28 जनवरी से 14 फरवरी तक होने वाले खेलों के लिए उप्र से 31 खेलों के 340 खिलाड़ी हिस्सा लेने जाएंगे। इसमें सबसे ज्यादा एथलेटिक्स के 50 खिलाड़ी होंगे। इसके अलावा खिलाड़ियों के कोच और मैनेजमेंट भी सलाह देने व व्यवस्था के लिए वहां जाएगा। खास बात यह है कि एथलेटिक्स में जाने वाले खिलाड़ियों में पुरुष की अपेक्षा महिला खिलाड़ी ज्यादा है। 23 पुरुष खिलाड़ी तो 27 महिला खिलाड़ी अपना जौहर दिखायेंगे। इसके अलावा तैराकी, तीरंदाजी, बैडमिंटन, बास्केटबाल, बाक्सिंग, कयाकिंग, कयाकिंग केनोइंग, साइकिलिंग, तलवारबाजी, जिम्नास्टिक, हैंडबाल, बीच हैंडबाल, हाकी, जूडो,कबड्डी, बीच कबड्डी, मलखंभ, रोइंग, शूटिंग, स्क्वाश, टेबल टेनिस, ताइक्वांडो, टेनिस, ट्रायथलान, बीच वालीबाल, वेटलिफ्टिंग, कुश्ती, वुशू, योगासन, कलारीपयट्टी, मार्डर्न पेंटाथलान खेल में खिलाड़ी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। इन खेलों में 195 पुरुष और 145 महिला खिलाड़ी हैं। वहीं इन खिलाड़ियों के साथ 94 आफिशियल लोग भी रहेंगे। इस संबंध में उप्र ओलंपिक संघ के महासचिव आनंदेश्वर पांडेय ने बताया कि इस बार ज्यादा संख्या में गोल्ड आने की उम्मीद है। हमारे खिलाड़ी हर खेल में अपनी प्रतिभा का बेहतर प्रदर्शन करेंगे।

# पांच दिवसीय आश्रम क्रिकेट लीग का शुभारंभ



एजेंसी

**मांडर ।** मांडर प्रखंड अंतर्गत सोसई आश्रम मैदान में आयोजित होने वाले पांच दिवसीयआश्रम क्रिकेट लीग का शुभारंभ मांडर थाना प्रभारी राहुल व जिला परिषद सदस्य विनोदीत तिग्गा के प्रतिनिधि रबुल अंसारी के द्वारा फीता काट कर विधिवत रूप से किया गया। प्रतियोगिता का उद्घाटन मैच चान्हो प्रखंड के शिलागाई व टांगर की टीम के बीच खेला गया, प्रतियोगिता के आयोजन के संबंध में संरक्षक भुवनेश्वर सिंह के द्वारा बताया गया कि इस प्रतियोगिता का आयोजन दिनांक 22 जनवरी 2025 से प्रारम्भ हो रही है, जो 26 जनवरी को फाइनल प्रतियोगिता के साथ सम्पन्न होगी। इस प्रतियोगिता में मांडर व चान्हो प्रखंड के पंचायत स्तर की टीम हिस्सा ले रही है। वहीं खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए मांडर थाना प्रभारी राहुल ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में इस तरह की खेल प्रतियोगिता के आयोजन से ग्रामीण क्षेत्रों की खिलाड़ियों की प्रतिभा को निखारने में बल मिलता है ।

## 38 वे नेशनल गेम्स उत्तराखंड के लिए किट लॉन्च और सेंड ऑफ सेरेमनी सम्पन्न

# झारखण्ड से 18 खेलो के 250 खिलाडी और अधिकारी लेंगे भाग



एजेंसी

**रांची ।** 38 वे नेशनल गेम्स उत्तराखंड के लिए किट लॉन्च और सेंड ऑफ सेरेमनी बिरसा मुंडा फुटबॉल स्टेडियम , रांची मे सम्पन्न हों गया । उत्तराखंड मे दिनांक 28 जनवरी से 14 फरवरी 2025 तक 38वे राष्ट्रीय खेल आयोजित होंगे जिसमे झारखण्ड से 18 खेलो के तकरीबन 250 खिलाडी और अधिकारी भाग लेंगे। आज इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप मे खेल कूद एवं युवा कार्य विभाग के निदेशक पदाधिकारी संदीप कुमार(भा.प्र.से.) मौजूद थे जिन्होंने उपस्थित खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुये उनके पदक जितने की कामना की। उन्होंने राज्य के खिलाड़ियों की हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया। इसके पूर्व झारखण्ड ओलम्पिक एसोसिएशन के वर्किंग प्रेसिडेंट शेखर बोस ने सभी अतिथियों, कोच और खिलाड़ियों को सम्बोधित किया । इस अवसर पर उन्होंने सभी खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। मधुकांत पाठक ने नेशनल गेम्स के औचित्य पर प्रकाश डाला और इस बात की कामना की की झारखण्ड के खिलाडी ज्यादा से ज्यादा मेहनत करें और पदक जीते। कार्यक्रम का संचालन अजय झा ने जबकि धन्यवाद ज्ञापन शिवेन्द्र दुबे ने किया।

**इनकी रही उपस्थिति**

आज इस अवसर प विभागीय संयुक्त सचिव श्री राजकिशोर खाखा, डिप्टी डायरेक्टर खेल श्री राजेश कुमार सहित श्री एस के पांडे, चंचल भट्टाचार्य, विजय शंकर सिंह, रजनीश कुमार, सुमराई टेटे आदि ने अपनी उपस्थिति से खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया ।

# जम्मू-कश्मीर के खिलाफ रोहित शर्मा ने नेट्स पर बहाया पसीना



एजेंसी

**नई दिल्ली ।** भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा ने जम्मू-कश्मीर के खिलाफ रणजी ट्रॉफी के दूसरे दौर के मैच से पहले अपनी घरेलू टीम मुंबई के साथ जमकर नेट्स पर अभ्यास किया। जम्मू-कश्मीर के खिलाफ यह मैच 23 से 26 जनवरी तक मुंबई के बीकेसी स्थित शरद पवार क्रिकेट अकादमी में खेला जाएगा। मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन (एमसीए) ने बुधवार को अपने आधिकारिक सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर रोहित शर्मा की नेट्स पर अभ्यास करते एक तस्वीर पोस्ट की। इसके साथ कैप्शन लिखा द हिटमैन शो। गत चैंपियन मुंबई की टीम गुरुवार से जम्मू-कश्मीर के खिलाफ बीकेसी के शरद पवार क्रिकेट अकादमी में मैच खेलेगी। मैच के लिए रोहित शर्मा को मुंबई की 17 सदस्यीय टीम में शमिल किया गया है। उनके साथ युवा बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल भी शामिल किए गए हैं। रोहित पिछले 10 साल में पहली बार रणजी ट्रॉफी का मैच खेलेंगे। रोहित ने मुंबई के लिए आखिरी बार रणजी ट्रॉफी मैच 2015 में उत्तर प्रदेश के खिलाफ खेला था। खराब फॉर्म से गुजर रहे रोहित ने हाल ही में रणजी ट्रॉफी में खेलने के लिए खुद को उपलब्ध बताया था। भारतीय टीम को इंग्लैंड के खिलाफ तीन मैचों की वनडे सीरीज और फिर चैंपियंस ट्रॉफी खेलनी है। ऐसे में रोहित का फॉर्म में वापस आना बेहद जरूरी है।

# न्यूजीलैंड ने समोआ को 67 रनों से हराया

■ अंडर-19 महिला टी-20 विश्वकप



एजेंसी

**कुचिंग ।** न्यूजीलैंड ने बुधवार को अंडर-19 महिला टी-20 मुकाबलों में समोआ को 67 रनों से हरा दिया। इस मैच में न्यूजीलैंड ने ईव वोलैंड के 48 रनों की सहायता से निर्धारित 17 ओवरों में 9 विकेट पर 107 रन बनाये। समोआ की ओर से ऑलिव लेफगा ने तीन और वेरा फराने ने दो विकेट लिए। नोरा सलीमा, मसिना तफिया और ए मापु को एक-एक विकेट मिला। इसके बाद जीत के लिए मिले 108 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए समाओ की पूरी टीम 14.2 ओवर में 40 के स्कोर पर सिमट गई। समाओ की कोई भी बल्लेबाज दो अंकों तक नहीं पहुंच पायी। न्यूजीलैंड की ओर से ताश वेकलिन और ऋषिका जसवाल ने तीन-तीन विकेट लिए जबकि सोफी कोर्ट को दो विकेट मिले। हन्ना ओह्यकॉनर ने एक बल्लेबाज को आउट किया। वहीं इससे पहले समोआ ने टॉस जीतकर न्यूजीलैंड को पहले बल्लेबाजी के लिए बुलाया। बल्लेबाजी करते हुए न्यूजीलैंड की शुरूआत अच्छी नहीं रही। उसने 12 के स्कोर पर अपने तीन विकेट खो दिए। इसके बाद अनिका टोड और ईव वोलैंड ने पारी को संभला। दोनों बल्लेबाजों के बीच तीसरे विकेट के लिए 55 रनों की साझेदारी बनायी। 10वें ओवर में ए मापु ने अनिका टोड 19 गेंदों में 27 रन पर पेवेलियन भेजी दिया। इसके बाद बाकि बल्लेबाज एक के बाद एक पेवेलियन लौट गयीं।



इटली में मेंस स्नोबोर्ड पैरेलल जायंटस स्लेलम स्पर्धा में विजेता खिलाड़ी पदकों के साथ पोज देते हुए।

## वास्तु के हिसाब से लगाएं नए साल का कैलेंडर, घर भर जायेगा खुशियों और धनदौलत से !

नए साल के आगमन से पहले लगभग सभी घरों में नया कैलेंडर आ ही जाता है, हालांकि इसे लगाने के सही नियम हर कोई नहीं जानता। अगर आप वास्तु के अनुसार कैलेंडर लगाते हैं तो आपके घर मे खुशियों को आने से कोई नहीं रोक सकता। नए साल का कैलेंडर केवल एक समय का संकेतक नहीं, बल्कि सकारात्मक ऊर्जा का स्रोत बन सकता है, इसे सही स्थान पर लगाना आपके जीवन में समृद्धि, शुभता और सकारात्मक ऊर्जा ला सकता है। यहां नकैलेंडर को रखने के लिए कुछ महत्वपूर्ण वास्तु टिप्स दिए गए हैं।

### कैलेंडर का सही स्थान चुनें

उत्तर दिशा धन और समृद्धि का प्रतीक है, पूर्व दिशा प्रगति और नई शुरुआत का प्रतिनिधित्व करती है। कैलेंडर को इन दिशाओं में लगाने से सकारात्मक ऊर्जा बढ़ती है। ऑफिस या कार्यस्थल पर कैलेंडर को उत्तर-पूर्व दिशा में लगाएं। इससे सफलता और तरक्की के अवसर बढ़ते हैं।

### साफ और खुला स्थान चुनें

कैलेंडर ऐसी जगह लगाएं जहां वह स्पष्ट और आसानी से दिखे। दरवाजे के पीछे या छिपी हुई जगह पर कैलेंडर न लगाएं। ध्यान रखें जिस दीवार पर कैलेंडर लगाना है उस पर किसी भी प्रकार की दरारें या गंदगी न हो। यह वास्तु दोष पैदा कर सकता है। कैलेंडर को आंखों के स्तर पर लगाएं ताकि यह आसानी से दिखाई दे।- बहुत ऊंचा या बहुत नीचे कैलेंडर भी वास्तु के हिसाब से सही नहीं माना जाता।

### सकारात्मक चित्रों वाले कैलेंडर का चयन करें

प्राकृतिक दृश्यों जैसे सूरज, फूल, नदियां, या हरियाली वाले कैलेंडर का चयन करें। देवी-देवताओं की तस्वीर वाले कैलेंडर भी शुभ माने जाते हैं। हिंसा, सुनसान स्थान या उदासी दिखाने वाले चित्र वास्तु के लिए ठीक नहीं हैं। पुराना कैलेंडर रखने से समय के साथ रुकावटें और नकारात्मक ऊर्जा उत्पन्न हो सकती है। हर महीने कैलेंडर के पन्ने पलटना सुनिश्चित करें। कैलेंडर पर महत्वपूर्ण तिथियां, लक्ष्य और शुभ कार्यों की योजना लिखें। यह आपके जीवन में अनुशासन और समृद्धि लाएगा।

### कैलेंडर को मुख्य दरवाजे के सामने न लगाएं

मुख्य दरवाजे के ठीक सामने कैलेंडर लगाने से घर की ऊर्जा बाहर जा सकती है। इसे ऐसी जगह पर लगाएं जहां यह मुख्य द्वार से दूर हो। कैलेंडर के पास सही समय दिखाने वाली घड़ी यह छोटे हरे पौधे रख सकते हैं।





## घर में लगाई ये 6 पेंटिंग्स बदल सकती हैं आपकी जिंदगी !



वास्तु शास्त्र के अनुसार, घर या ऑफिस की सजावट में इस्तेमाल की जाने वाली पेंटिंग्स का गहरा असर हमारी लाइफ पर पड़ता है। सही पेंटिंग्स से घर में पॉजिटिव एनर्जी लेकर आती है, जो जीवन में समृद्धि, शांति और सफलता लाने में मदद कर सकती है। आइए जानते हैं उन 6 पेंटिंग्स के बारे में जिनके बारे में कहा जाता है कि वे आपकी जिंदगी को बदल सकती हैं



### मोर की पेंटिंग

मोर को शुभ और सौभाग्य का प्रतीक माना जाता है। इसकी पंखों में पॉजिटिव एनर्जी होती है। मोर की पेंटिंग घर में प्रेम, शांति और समृद्धि को आकर्षित करती है। इसे उत्तर-पूर्व दिशा में लगाना अच्छा होता है, जिससे घर में शांति और खुशी बनी रहती है। यह पेंटिंग रिश्तों को भी मजबूत बनाती है।

### 7 दौड़ते घोड़े की पेंटिंग

वास्तु शास्त्र के अनुसार, 7 दौड़ते घोड़े की पेंटिंग घर या ऑफिस में पॉजिटिव एनर्जी को बढ़ाती है। घोड़े को शक्ति और तेजी का प्रतीक माना जाता है। यह पेंटिंग सफलता, समृद्धि, और मानसिक शांति को आकर्षित करने में मदद करती है। इसे मुख्य द्वार के पास या उत्तर दिशा में लगाना अच्छा माना जाता है।यह जीवन के हर पहलू में तरक्की को बढ़ावा देती है

### वाटरफॉल की पेंटिंग

वॉटरफॉल की पेंटिंग घर में धन और संपति को आकर्षित करती है। पानी को समृद्ध और जीवन के राह का प्रतीक माना जाता है। वाटरफॉल की तस्वीर घर में पॉजिटिव एनर्जी का आना बढ़ाती है और जीवन में खुशहाली लाती है। इसे मुख्य द्वार के पास या दक्षिण-पूर्व दिशा में लगाना शुभ होता है।

### कमल की पेंटिंग

कमल का फूल तरक्की और शांति का प्रतीक है। वास्तु शास्त्र के अनुसार, कमल की पेंटिंग घर में पॉजिटिविटी लाती है और मन को शांति भी देती है। इसे घर के पूजा स्थान या दक्षिण-पूर्व दिशा में लगाना सही होता है। यह पेंटिंग मानसिक शांति और सफलता के रास्ते को खोलती है।

### बुद्ध की पेंटिंग

बुद्ध की पेंटिंग घर में शांति और संतुलन को बढ़ावा देती है। यह पेंटिंग मानसिक शांति, ध्यान और आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देती है। इसे घर के पूजा स्थान या दिमागी शांति के लिए बेडरूम में लगाया जा सकता है। बुद्ध की पेंटिंग नेगेटिव विचारों को खत्म करने और पॉज़िटिव एनर्जी को बढ़ाने में मदद करती है। सही दिशा और सही पेंटिंग्स से आप अपने घर और ऑफिस में पॉजिटिव एनर्जी को बढ़ा सकती हैं, जो आपकी लाइफ को बेहतर बना सकता है।



### पहाड़ की पेंटिंग

पहाड़ की पेंटिंग को मजबूत, स्थिर और आत्मविश्वास का निशान माना जाता है। यह पेंटिंग जीवन में मुश्किलों का सामना करने की शक्ति देती है और हमें मानसिक रूप से मजबूत बनाती है। इसे घर के उत्तर दिशा में लगाना अच्छा होता है, क्योंकि यह जीवन में सफलता और मानसिक संतुलन को बढ़ावा देती है।



## पैसों की कमी नहीं होने देता पीकॉक प्लांट , घर में इसे लगाते ही बदल जाता है पूरा वातावरण

पीकॉक यानी कि मोर के बारे में तो हमने बहुत कुछ सुना है लेकिन आज हम आपको पीकॉक प्लांट के बारे में बताने जा रहे हैं जिसकी जानकारी हर किसी को नहीं है। पीकॉक प्लांट जिसे कलेथेआ भी कहा जाता है एक सुंदर इनडोर पौधा है जो अपनी अनोखी पत्तियों की वजह से आकर्षण का केंद्र बनता है। इसकी पत्तियां मोर के पंखों की तरह दिखती हैं, इसलिए इसे पीकॉक प्लांट कहा जाता है। यह पौधा न केवल आपके घर की शोभा बढ़ाता है, बल्कि इसे घर में लगाने के कई फायदे भी हैं। चलिए जानते हैं इसके बारे में विस्तार से।

### पीकॉक प्लांट की खासियत

इसकी पत्तियों के अनोखे डिजाइन और रंगों की वजह से यह पौधा बेहद खूबसूरत दिखता है। पत्तियों पर गहरे हरे, हल्के हरे, सफेद और कभी-कभी बैंगनी रंग के पैटर्न होते हैं। यह पौधा हवा को शुद्ध करने में मदद करता है और आपके घर में ताजी और साफ हवा बनाए रखता है। यह हानिकारक रसायनों को अवशोषित करने में सक्षम है। पीकॉक प्लांट को कम रोशनी वाले स्थानों में भी उगाया जा सकता है, जिससे यह इनडोर पौधों के लिए एक बेहतरीन विकल्प है। यह पौधा नमी पसंद करता है, जिससे यह आपके घर की हवा में नमी बनाए रखने में मदद करता है, खासकर सूखे मौसम में। यह पौधा दिन में पत्तियों को फैलाता है और रात में उन्हें बंद कर लेता है, जिसे देखकर आपको एक जिंदा पौधे का अनुभव होता है।

### पीकॉक प्लांट को घर में कैसे लगाएं

यह पौधा हल्की और अच्छी ड्रेनेज वाली मिट्टी में अच्छे से बढ़ता है। मिट्टी में नमी बनाए रखने के लिए मिश्रण में कोको पीट और वर्मीकुलाइट मिलाएं। पीकॉक प्लांट को नियमित पानी की जरूरत होती है, लेकिन मिट्टी को बहुत अधिक गीला न रखें। मिट्टी की ऊपरी सतह सूखने पर ही पानी दें। इसे अप्रत्यक्ष रोशनी में रखें। सीधी धूप से बचाएं क्योंकि इससे पत्तियां जल सकती हैं। पौधे को नमी की जरूरत होती है, इसलिए इसे नियमित रूप से स्प्रे करें या पास में पानी से भरी कटोरी रखें। यह पौधा 18-24 डिग्री सेल्सियस तापमान में अच्छा उगता है। इसे ठंडी हवा या गर्म हवा से बचाएं।

### पीकॉक प्लांट क्यों लगाना जरूरी है

यह पौधा आपके घर के वातावरण को शुद्ध करता है, जिससे आप ताजी और स्वस्थ हवा में सांस ले सकते हैं। अपने अनोखे पत्तों के डिजाइन और रंगों की वजह से यह घर की सजावट को बढ़ाने में मदद करता है। पौधों के संपर्क में रहने से मानसिक शांति मिलती है और तनाव कम होता है। हवा को शुद्ध करने के कारण यह आपके स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद होता है।

### पीकॉक प्लांट के रंग

पीकॉक प्लांट की पत्तियां कई रंगों में होती हैं, जैसे-

- गहरा हरा और हल्का हरा
- बैंगनी (पत्तियों के नीचे)
- सफेद या क्रीम रंग की धारियां
- कुछ किस्मों में गुलाबी रंग की धारियां भी होती हैं

### घर में पीकॉक प्लांट लगाना शुभ क्यों माना जाता है

पीकॉक प्लांट को वास्तु शास्त्र में शुभ माना जाता है। मान्यता है कि इसे लगाने से मां लाक्ष्मी खुश होती हैं, और इससे धन की कभी कमी नहीं होती। फेंगशुई के अनुसार, यह पौधा घर में शांति और समृद्धि लाता है। अपने अनोखे रंगों और पत्तियों की वजह से यह पौधा घर में सौंदर्य और शांति का माहौल बनाता है। पीकॉक प्लांट न केवल आपके घर की सुंदरता बढ़ाता है, बल्कि यह स्वास्थ्य और वास्तु शास्त्र के दृष्टिकोण से भी फायदेमंद है। इसे सही तरीके से लगाकर और देखभाल करके आप अपने घर में एक सुंदर और शांत वातावरण बना सकते हैं।



## झाड़ू और पोछे को रखें वास्तु के हिसाब से, घर में आएगी खुशहाली !

वास्तु शास्त्र में घर में रखी जाने वाली सभी चीजों को रखने की सही दिशा और उसके असर के बारे में बताया गया है। यदि घर का वास्तु सही हो तो घर में सदैव खुशहाली और समृद्धि रहती है, लेकिन घर का वास्तु बिगड़ने पर व्यक्ति को तरह-तरह की मुसीबतों का सामना भी करना पड़ सकता है। घर के वास्तु में घर के अंदर रखी गई सभी चीजें आती हैं, खासकर सफाई के सामान जैसे झाड़ू और पोछा, इनका सही स्थान रखने से घर में पॉजिटिव एनर्जी बनी रहती है और नेगेटिव एनर्जी दूर रहती है। आइए जानें, झाड़ू और पोछा को कहां रखना चाहिए, ताकि आपके घर में समृद्धि और सुख-शांति बनी रहे।



### घर में झाड़ू और पोछा कहां नहीं रखना चाहिए ?

वास्तु की मानें तो हमें घर की कुछ खास दिशाओं में भूलकर भी झाड़ू और पोछा नहीं रखना चाहिए। इन जगहों में घर का पूजा रूम, किचन, बेडरूम, बाथरूम शामिल है। झाड़ू या पोछे को इन जगहों में से कहीं पर भी रखना अशुभ माना गया है।बाथरूम को गंदगी और नेगेटिव एनर्जी का स्थान माना जाता है।किचन में भी इन चीजों को न रखें। किचन में रखने से घर में खुशहाली और समृद्धि की कमी हो सकती है।बेडरूम में इन वस्तुओं को न रखें, खासकर अगर आप कमरे में सो रहे हों तो। यह शांति और आराम में दिक्कत डाल सकता है। आपको इनमें से किसी भी जगह पर झाड़ू या पोछा नहीं रखना चाहिए।

### कहां रख सकते हैं झाड़ू या पोछा

झाड़ू और पोछे को घर के मुख्य स्थान पर रखना अशुभ माना जाता है।एक्सपर्ट्स के अनुसार, झाड़ू और पोछे को दक्षिण-पश्चिम दिशा या उत्तर-पूर्व दिशा में रखना सबसे अच्छा होता है। यह दिशा घर में ताजगी और पॉजिटिव एनर्जी को बढ़ावा देती है।झाड़ू को माता लक्ष्मी के रूप में पूजा जाता है लेकिन कुछ विशेष अवसरों पर ही इसकी पूजा की जाती है। आम दिनों में झाड़ू को पूजा स्थान पर रखने में नकारात्मक प्रभाव देखने को मिल सकते हैं।

### झाड़ू और पोछे को साफ रखें

वास्तु के अनुसार, सफाई के सामान जैसे झाड़ू और पोछा हमेशा साफ और अच्छे स्थिति में होने चाहिए। गंदे या टूटे हुए झाड़ू और पोछे घर में नकारात्मक ऊर्जा को आमंत्रित करते हैं। इसलिए, इन्हें नियमित रूप से साफ करना जरूरी है।

### आपको झाड़ू और पोछा क्यों छुपाना चाहिए ?

वास्तु शास्त्र के अनुसार, झाड़ू और पोछा को छुपाकर रखना चाहिए, क्योंकि ये सफाई के उपकरण होते हैं और इन्हें खुले स्थान पर रखने से घर में नेगेटिव एनर्जी का प्रवेश हो सकता है। जब इन वस्तुओं को नजरों से छुपा कर रखा जाता है, तो यह घर में पॉजिटिव एनर्जी को आकर्षित करता है और नेगेटिव प्रभावों को दूर करता है। यदि झाड़ू और पोछा खुले स्थान पर रखे जाएं, तो यह अशुद्धता और अव्यवस्था का प्रतीक बन सकते हैं, जो घर के माहौल को प्रभावित कर सकता है। इसलिए इन्हें एक बंद और सुरक्षित स्थान पर रखना चाहिए, ताकि घर की सकारात्मकता और शांति बनी रहे।



# आराध्या की परवरिश को लेकर बोले अभिषेक बच्चन

बेटी की परवरिश और अपने निजी जीवन को लेकर अभिषेक बच्चन ने बात की है। उन्होंने कहा कि माता पिता हमेशा सबसे अच्छे शिक्षक हों जरूरी नहीं है। हाल ही में दिए एक इंटरव्यू में अभिषेक बच्चन ने पैरेंटिंग को लेकर अपना दृष्टिकोण पर विचार साझा किया। साथ ही उन्होंने युवा पीढ़ी की बदलती मानसिकता पर भी अपने विचार बताए। उन्होंने कहा, मुझे नहीं पता कि माता-पिता सबसे अच्छे शिक्षक हैं या नहीं। मैं इस पर कुछ नहीं कह सकता हूं। मुझे लगता है कि हमारी भावनाएं आड़े आती हैं। हमारे बच्चों की यह इच्छा कि वे सब कुछ सही करें और सफल हों और खुद को चोट न पहुंचाएं ऐसा नहीं हो सकता। हम अपने बच्चों के लिए जो सोचते हैं, उससे उन्हें भी नुकसान पहुंच सकता है।

### माता-पिता से सीख मिली

अभिषेक बच्चन ने कहा कि मैंने अपने माता-पिता से जो कुछ भी सीखा उसे समझा। वह उनके व्यवहार को देखकर है, जरूरी नहीं कि उन्होंने मुझे जो बताया है, उससे ही सीखा है।卐 अभिषेक बच्चन ने कहा कि मेरे माता पिता ने हमेशा मुझे अपने फैसले खुद लेने की स्वतंत्रता दी। मैं खुद ये सोचता हूं, कि अगर परिस्थिति में मेरे पापा होते तो क्या करते। उसी हिसाब से मैं भी चीजें करता हूं।

### परवरिश के लेकर बोले अभिषेक

आराध्या की परवरिश को लेकर अभिषेक ने कहा, मुझे लगता है कि आज की जनरेशन वाकई बहुत अलग है। उन्हें किसी भी तरह की पहले से चली आ रही चीजों को जरूरी समझने की जरूरत नहीं है, जैसे हम करते आ रहे हैं। उन्हें लगता है कि वे ये काम बस इसलिए नहीं कर सकते कि उनके माता पिता ने ये काम नहीं किया या मना किया। वे हमेशा कुछ नया करने की कोशिश करते रहते हैं। उन्होंने कहा कि मैं मानता हूं कि अगर माता पिता हैं, या कोई उम्र में बड़ा है तो जरूरी नहीं कि वह सही सलाह दे या हर बात का सही जवाब ही दें।

### इस फिल्म में नजर आए अभिषेक बच्चन

वर्कफ्रंट की बात करें तो अभिषेक बच्चन को हाल ही में आई फिल्म आई वांट टू टॉक में देखा गया। हालांकि, यह फिल्म फैंस पर अपना कुछ खास जादू नहीं चला सकी थी। आई वांट टू टॉक अब ओटीटी पर भी रिलीज हो चुकी है। इसकी घोषणा खुद सुजीत सरकार ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर की।



# फिल्म धूम धाम में प्रतीक गांधी के साथ नजर आने वाली हैं यामी गौतम

प्यार, हंसी और शादी की रस्मों से सजी फिल्म धूम धाम ओटीटी पर रिलीज होने जा रही है। इस फिल्म में यामी गौतम प्रतीक गांधी के साथ नजर आने वाली हैं। फिल्म का निर्देशन ऋषभ सेठ ने किया है। फिल्म का प्रोडक्शन आदित्य धर और लोकेश धर ने किया है। फिल्म 14 फरवरी यानी वैलेंटाइन डे पर रिलीज होने वाली है।



### ऐसी है फिल्म की कहानी

यामी गौतम और प्रतीक गांधी की जोड़ी को फिल्म में देखा जाने वाला है। ये कहानी है कोयल और वीर की। वीर एक मम्मा बॉय है जो कि एक एनिमल डॉक्टर भी है। वहीं, यामी गौतम के किरदार कोयल चुलबुली सी लड़की है। फिल्म का टीजर आज नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुआ है। इसमें कोयल और वीर की लव स्टोरी में ड्रामा और कॉमेडी की मिली जुली झलक दिखाई दे रही है। फिल्म को लेकर आदित्य धर ने कहा कि वह कुछ अलग और मनोरंजक बनाना चाहते थे। जहां हंसी, एक्शन और रोमांस शामिल हो। फिल्म में फैंस को यामी और प्रतीक की जोड़ी देखने को मिलने वाली है।

### इस ओटीटी पर रिलीज होगी फिल्म

यामी गौतम और प्रतीक गांधी की फिल्म धूम धाम ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर रिलीज होने वाली है। ओरिजन फिल्म की निर्देशक रुचिका कपूर शेख ने कहा, धूम धाम एक कॉमेडी ड्रामा फिल्म है, जो शादी के दिन कुछ अलग सी ही चीजें लेकर आता है। इस फिल्म के जरिए हम अपने दर्शकों का मनोरंजन कर सकेंगे।



# बॉलीवुड में करियर बनाना चाहते हैं यशवर्धन

बॉलीवुड स्टार किड्स का फिल्मों में आना कोई नई बात नहीं है। हाल ही में रवीना टंडन की बेटी राशा थडानी और अजय देवगन के भतीजे अमन देवगन ने फिल्म आजाद के जरिए अपना बॉलीवुड डेब्यू किया। हालांकि बॉक्स ऑफिस पर यह फिल्म कुछ खास कमाल नहीं दिखा पाई, लेकिन फिल्म में राशा का डांस और अभिनय प्रशंसकों को बेहद पसंद आया। वहीं अब गोविंदा के बेटे यशवर्धन भी बॉलीवुड फिल्मों में अपनी किस्मत आजमाने जा रहे हैं।

गोविंदा के बेटे यशवर्धन आहूजा और बाबिल एक फिल्म में साथ काम सकते हैं। कथित तौर पर यशवर्धन आहूजा, साई राजेश द्वारा निर्देशित आगामी अनाम रोमांटिक ड्रामा में नजर आ सकते हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, फिल्म में एक और स्टार किड भी महत्वपूर्ण भूमिका में नजर आ सकता है। दिवंगत अभिनेता इरफान खान के बेटे बाबिल खान हैं।

### पिता के नक्शेकदम पर यशवर्धन

दरअसल, कथित तौर पर फिल्म निर्माता अपनी रोमांटिक फिल्म के लिए नए चेहरा चाहते हैं, जिसके चलते बाबिल खान और यशवर्धन आहूजा को कास्ट करने की योजना बनाई जा रही है। अल्लू अरविंद और एसकेएन फिल्म्स के सहयोग से मधु मंटेना द्वारा निर्मित इस फिल्म का निर्देशन साई राजेश करेंगे, जो कलर फोटो, हृदय कलेयम और बेबी जैसी बेहतरीन तमिल फिल्मों के लिए प्रसिद्ध हैं।

# धूम 4 की स्टार कास्ट फाइनल? अभिषेक बच्चन को विक्की कौशल ने किया रिप्लेस

बॉलीवुड की एक्शन ड्रामा फिल्म धूम 4 को लेकर अटकलें लगाई जा रही है कि इस फिल्म में नई स्टार कास्ट को फाइल कर लिया है। अभिषेक बच्चन और उदय चोपड़ा के रोल में कथित तौर पर इस बार बॉलीवुड के ये स्टार्स नजर आएंगे। धूम 4 में विक्की कौशल इस फैंचाइजी में शामिल हो सकते हैं और अभिषेक की जगह ले सकते हैं। धूम 4 में रणबीर कपूर मुख्य खलनायक की भूमिका में होंगे। हालांकि जूनियर बच्चन की जगह कोई और ले सकता है, लेकिन उदय चोपड़ा की जगह कौन ले सकता है? मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, विक्की कौशल ने वाईआरएफ के प्रमुख आदित्य चोपड़ा से मुलाकात की, जिन्होंने अभिनेता को दो प्रोजेक्ट्स में कास्ट करने के लिए कहा है, जिनमें से एक धूम 4 है। विक्की को अभिषेक बच्चन (एसीपी जय दीक्षित) की पुलिस वाले की भूमिका मिलेगी। धूम 4 के अलावा, विक्की को आलिया भट्ट की अल्फा में भी देखा जा सकता है। बहरहाल, अभी तक इसे लेकर कोई आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है।



# हॉलीवुड की प्रमुख अभिनेत्रियों के बराबर हैं बॉलीवुड की सबसे स्टाइलिश अदाकारा मौनी रॉय

मौनी रॉय को भारत की सबसे स्टाइलिश स्टार्स में से एक के रूप में तेज़ी से उभरना सरप्राइज से कम नहीं है। प्रेस इवेंट में चमकदार उपस्थिति से लेकर लंदन फैशन वीक में धूम मचाने और यहां तक कि इबीसा में आकर्षक हॉलिडे लुक पेश करने तक, मौनी की फैशन यात्रा ग्लोबल ट्रेंड और व्यक्तिगत आकर्षण का एक बेहतरीन मिश्रण दर्शाती है। जो चीज़ उन्हें अपने कई समकालीनों से अलग करती है, वह अपने विशिष्ट, फैशन-फ़ॉरवर्ड सौंदर्य के प्रति सच्चे रहते हुए सहजता से हॉलीवुड-स्तर के ग्लैमर को प्रसारित करने की उनकी क्षमता है। चाहे वह बोल्ड मोनोक्रोम सूट, रॉकिंग स्ट्रक्चर्ड कॉउचर गाउन, या जीवंत वेकेशन वियर को अपनाना हो, मौनी की पोशाक पसंद हमेशा सही केंद्र पर होती है। विस्तार पर उनकी पैनी नज़र, त्रुटिहीन एक्सेसरीज़ का चयन, और क्या काम करता है इसकी सहज समझ उन्हें हर जगह महिलाओं के लिए स्टाइल प्रेरणा बनाती है।


**सहज फैशन -** मौनी रॉय की फैशन पसंद सोफेस्टिकेशन, टाइमलेस और कॉन्टेंप्रोरी स्वभाव के बीच एक आदर्श संतुलन दर्शाती है। चाहे वह रेड कार्पेट इवेंट हो या इबीसा में छुट्टी पर एक आकस्मिक दिन, उनका लुक शानदार, ठाठदार और हमेशा अंतरराष्ट्रीय रुझानों के साथ तालमेल में होता है, जो उन्हें अपने साथियों के बीच अलग बनाता है।

**हॉलीवुड आइकॉन के बराबर रेड कार्पेट ग्लैमर -** कान्स के ग्लैमर को उजागर करने वाले शानदार गाउन से लेकर हॉलीवुड के सर्वश्रेष्ठ संरचित एलबीडी तक, मौनी की रेड कार्पेट उपस्थिति अनुग्रह और शिष्टता में एक मास्टरक्लास होते है। वह सुनिश्चित करती हैं कि उनका लुक विश्व स्तर पर प्रासंगिक और इंस्टाग्राम-योग्य हो।

**रुझानों के प्रति एक साहसी दृष्टिकोण -** हॉलीवुड के ट्रेंडसेटरों की तरह, मौनी प्रेस मीट, मूवी स्क्रीनिंग और डेट नाइट्स में फैशन-फ़ॉरवर्ड शैलियों के साथ प्रयोग करने में निडर हैं। उन्होंने विविध सौंदर्यशास्त्र को अपनाने में अपनी बहुमुखी प्रतिभा और आत्मविश्वास का प्रदर्शन करते हुए, बोल्ड मोनोक्रोमैटिक पावर सूट से लेकर अलौकिक लहंगे तक सब कुछ सफलतापूर्वक किया है।

**बेदाग स्टाइल और बारीकियों पर ध्यान -** मौनी अपने लुक को सटीकता के साथ तैयार करती हैं, यह सुनिश्चित करते हुए कि हर चीज़-बाल और मेकअप से लेकर पोशाक समन्वय तक - सहजता से फिट बैठता है और एक कहानी कहता है। विस्तार पर उनका बहुत ध्यान और उच्च गुणवत्ता वाली टेलरिंग के प्रति प्रतिबद्धता उन्हें हॉलीवुड के अभिजात वर्ग की तुलना में एक शानदार बढ़त देती है।





# साउथ फिल्म कन्नप्पा में महादेव के किरदार में नजर आएंगे अक्षय कुमार

साउथ फिल्म कन्नप्पा का एलान पिछले साल हुआ था। फिल्म से लगातार हर एक अभिनेता का लुक सामने आ चुका है। विष्णु मांचू से लेकर माता पार्वती के किरदार में काजल अग्रवाल का लुक भी सामने आ चुका है। वहीं आज कुछ ही देर पहले अक्षय कुमार का महादेव के रुद्र अवतार में लुक जारी किया गया है। इस लुक के साथ ही फिल्म की रिलीज डेट भी सामने आ गई है। इन दिनों अक्षय कुमार अपनी आगामी फिल्म स्काई फोर्स को लेकर लगातार सुर्खियों में बने हुए हैं। इसी बीच आज फिल्म निर्माताओं ने साउथ फिल्म कन्नप्पा से अक्षय कुमार के लुक का एक पोस्टर जारी किया है, जिससे साफ हो गया है कि अक्षय कुमार फिल्म में महादेव की भूमिका में नजर आएंगे।

कन्नप्पा मूवी से अक्षय कुमार का फुल लुक सामने आ चुका है। वह कन्नप्पा में महादेव की भूमिका में नजर आएंगे। पोस्टर में खिलाड़ी कुमार एक हाथ में त्रिशूल और एक हाथ में डमरू लिए हुए नजर आ रहे हैं। साथ ही उनके माथे पर भस्म लगी हुई है। भगवान शिव के अवतार में उन्हें एक बार फिर से देखकर उनके प्रशंसक बेहद खुश हैं। इस फिल्म से पहले अक्षय फिल्म ओ माय गॉड में भगवान शिव की भूमिका निभा चुके हैं। अक्षय कुमार ने कन्नप्पा से अपना लुक शेयर करते हुए इंस्टाग्राम पर लिखा, कन्नप्पा के लिए महादेव की पवित्र आभा में कदम रखते हुए। इस महाकाव्य कथा को जीवंत करने का गौरव प्राप्त हुआ है। भगवान शिव इस दिव्य सफर में हमारा मार्गदर्शन करें। ओम नमः शिवाय।

मोहन बाबू निर्मित कन्नप्पा में लीड रोल में विष्णु मांचू निभा रहे हैं। भगवान शिव पर आधारित पौराणिक फिल्म में प्रभास, अक्षय कुमार, मोहनलाल, सरथकुमार, मधु, मोहन बाबू, काजल अग्रवाल और ब्रह्मनंदन जैसे सितारे अहम भूमिका में नजर आएंगे। यह फिल्म इसी साल 25 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

# दलपति 69 के बाद एक और फिल्म करेंगे विजय? आधिकारिक घोषणा का इंतजार

दलपति विजय इन दिनों अपनी आगामी फिल्म दलपति 69 को लेकर लगातार सुर्खियों में बने हुए हैं। हालांकि, पहले यह जानकारी सामने आई थी कि इस फिल्म को पूरी करने के बाद वह फिल्मों से संन्यास ले लेंगे, लेकिन अब जानकारी के अनुसार दलपति 70 भी आ सकती है, जिसने प्रशंसकों की उत्सुक्ता को और अधिक बढ़ा दिया है।

विजय की अगली फिल्म का नाम दलपति 70 हो सकता है?

कथित तौर पर पिछले साल विजय ने अपने प्रशंसकों से कहा था कि दलपति69 के सिनेमाघरों में आने के बाद वह फिल्में छोड़ देंगे और सक्रिय राजनीति में अधिक समय बिताएंगे। लेकिन अब मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, दलपति 69 के बाद दलपति70 में भी नजर आ सकते हैं। अगर ऐसा होता है तो यह विजय के प्रशंसकों के लिए बहुत बड़ी सौगात होगी। पिछले कुछ दिनों से, अटकलें लगाई जा रही हैं कि विजय अपनी 70वीं फिल्म में अभिनय करने पर विचार कर रहे हैं। जाहिर है, अभिनेता ने अपने द ग्रेटेस्ट ऑफ ऑल टाइम निर्देशक वेंकट प्रभु से अपने अगले प्रोजेक्ट के लिए स्क्रिप्ट लिखने के लिए कहा है। तमिल प्रोडक्शन हाउस 7 स्क्रीन स्टूडियो, जिसने विजय की मास्टर और लियो को बनाया था, दलपति 70 को बनाएगा। कहने की जरूरत नहीं है कि विजय के प्रशंसक चल रही चर्चा से बहुत खुश हैं, और वे इस आगामी परियोजना के बारे में आधिकारिक घोषणा का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।



# जिलाधिकारी ने की संयुक्त किसान मोर्चा संग बैठक




**नोएडा ( चेतना मंच )।** जनपद गौतमबुद्धनगर के जिलाधिकारी संग संयुक्त किसान मोर्चा की बैठक कलेक्ट्रेट के सभागार में हुई। संयुक्त किसान मोर्चा की तरफ से 10 प्रतिशत प्लॉट एवं नए कानून के संबंध में जल्द शासन स्तर की वार्ता तय कराई जाने एवं स्थानीय स्तर की समस्याओं के संबंध में प्राधिकरण वार्ता रखे जाने का प्रस्ताव रखा जिस पर जिलाधिकारी द्वारा जल्द ही शासन स्तर की वार्ता कराने एवं प्राधिकरणों व परियोजनाओं के स्तर की समस्याओं का समाधान करने के लिए संबंधित संस्थानों से किसानों की वार्ताएं जल्द ही तय कराने का आश्वासन संयुक्त मोर्चा के नेताओं को दिया।

उधर संयुक्त किसान मोर्चा में जुड़े सभी 14 संगठनों के नेताओं द्वारा 26 जनवरी को होने वाली ट्रैक्टर तिरंगा यात्रा को ऐतिहासिक बनाने के लिए ग्रेटर नोएडा के अंसल गोल्फ लिंक में स्थित भाकियू टिकैत के कार्यालय पर ठोस रणनीति बनाई गई जिसमें राष्ट्रीय स्तर के संयुक्त किसान मोर्चा के द्वारा 26 जनवरी को देश भर में ट्रैक्टर तिरंगा मार्च निकाले जाने की बड़ी कॉल को मजबूत बनाने के लिए स्यरू गौतमबुद्धनगर द्वारा भी हजारों ट्रैक्टरों को जोड़कर यह यात्रा निकाले जाने के लिए संगठनवार जिम्मेदारी और रूट प्लान तैयार किया गया, जिसमें यह सुनिश्चित किया गया कि किसी बड़े हाइवे या भीड़ भाड़ वाले इलाके से यात्रा को नहीं निकला जाएगा, जिससे कि आम लोगों को असुविधा का सामना नहीं करना पड़े। रूट प्लान के तहत ट्रैक्टर तिरंगा यात्रा को जतन भाटी गोल चक्कर सैक्टर चाई 4 से शुरू करके कासना कस्बा होते हुए शहीद विनोद भाटी चौक से होते हुए सदर तहसील पर राष्ट्र गान करके इसका समापन किया जाएगा।

# मलकपुर स्टेडियम में 'खेल महाकुंभ' का हुआ आयोजन





**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** भारत रत्न स्व0 अटल बिहारी वाजपेयी के जन्म शताब्दी एवं उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में मलकपुर स्पोर्ट्स स्टेडियम ग्रेटर नोएडा में खेल महाकुंभ का आयोजन किया गया। खेल महाकुंभ के तहत स्टेडियम में बालक-बालिका वर्ग में जिला स्तरीय तीरंदाजी, बास्केटबाल, एथलेटिक्स, बॉक्सिंग, कबड्डी व नेटबॉल आदि प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसका जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा द्वारा खेल महाकुम्भ 2025 उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस के अवसर पर खेलों के उद्घाटन की घोषणा करते हुये आकाश में गुब्बारे छोडकर विधिवत रूप से शुभारंभ किया गया। इस दौरान जिला क्रीड़ा अधिकारी लक्ष्यराज त्यागी, जिला युवा कल्याण अधिकारी महिपाल सिंह, उप जिला क्रीड़ा अधिकारी अनीता नागर तथा खेलों से संबंधित प्रशिक्षणगण व खिलाड़ी उपस्थित रहे।

जिला अधिकारी द्वारा इस अवसर पर नेटबॉल प्रतियोगिता में प्रतिभागी खिलाड़ियों से वार्ता की एवं उन्हें प्रोत्साहित किया तथा 100 मीटर दौड़ प्रतिस्पर्धा को हरी झंडी दिखाकर खेल महाकुम्भ 2025 का आगाज किया।

उप जिला क्रीड़ा अधिकारी अनीता नगर ने बताया कि आयोजित तीरंदाजी, बास्केटबाल, एथलेटिक्स, बॉक्सिंग, कबड्डी व नेटबॉल प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों को मुख्य विकास अधिकारी गौतम बुद्ध नगर विद्यानाथ शुक्ल द्वारा पुरस्कृत किया गया। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित बैडमिंटन में एशियन मेडलिस्ट नीर नेहवाल, सोनाली सिंह एवं नेशनल मेडलिस्ट ताइक्कांडो कशिश को भी सम्मानित किया गया। इस अवसर पर पैरा एथलेटिक्स में खेल भारतरत्न अवार्ड से सम्मानित प्रवीण कुमार, शतरंज प्रतियोगिता में अर्जुन अवार्ड से सम्मानित वंतिका अग्रवाल, ब्रिज प्रतियोगिता में एशियन मेडलिस्ट आशा शर्मा एवं संबंधित अधिकारीगण के कर्मचारीगण का उपस्थित रहे।

# स्वास्थ्य, जीवन शैली व आजीविका के लिए अहम मोटा अनाज : डॉ. कलैसेल्वी



**नोएडा ( चेतना मंच )।** मिलेट्स पर त्रिदिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन ''मिलेट्सफ्युजन-स्थायित्व का विकास और राष्ट्रों का पोषण'' का आयोजन एमिटी विश्वविद्यालय परिसर में किया गया।

सम्मेलन का शुभारंभ करते हुए वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद (सीएसआईआर) की महानिदेशक डा एन कलैसेल्वी ने कहा कि सीएसआईआर और एमिटी मिलेट्स को नया अर्थ, नया आयाम दे रहे है। भारत अपने अप्रत्याशित विकास के लिए जाना जाता है और प्रधानमंत्री ने 2023 को मिलेट्स वर्ष घोषित किया है, हालांकि, हमें साल के सभी 365 दिन मिलेट्स को समर्पित करना जारी रखना चाहिए और हमारा मिशन रुकना नहीं चाहिए। विकसित भारत मिशन के तहत, मिलेट्स भारत को वैश्विक नेतृत्व प्रदान करना चाहिए। इस सम्मेलन के लिए आज यहां एकत्र हुए दूरदर्शी और विशेषज्ञ, कार्रवाई योग्य पैकेज लाएंगे और इस क्षेत्र में अनुसंधान और नवाचार को बढ़ावा देंगे। उन्होंने आगे कहा कि मिलेट्स, स्वास्थ्य सेवा, जीवन शैली और आजीविका के लिए महत्वपूर्ण है। अंतरिक्ष यात्रियों और खिलाड़ियों के लिए बाजरा आधारित आहार पैकेज प्रदान किया जाना चाहिए, क्योंकि बाजरा अत्यधिक पौष्टिक होता है।

## भारतीय दुनिया को बदलने में सक्षम : डॉ. अशोक चौहान

एमिटी शिक्षण समूह के संस्थापक अध्यक्ष व प्रसिद्ध शिक्षाविद् डॉ. अशोक कुमार चौहान ने अपने संबोधन में कहा कि जब आप किसी मिशन के लिए काम करते हैं, तो आपको सफलता अवश्य मिलती है। भारतीय दुनिया को बदलने में सक्षम हैं और हमारा दृढ़ विश्वास है कि वर्ष 2047 तक भारत एक वैश्विक महाशक्ति बन जाएगा। इसलिए, हमारे सामने मौजूद अवसरों का आकलन करना और उन्हें भुनाना तथा दृढ़ निश्चय, फोकस और लचीलेपन के माध्यम से असंभव को प्राप्त करना महत्वपूर्ण है। एमिटी में हमें छात्रों, शोधार्थियों को राष्ट्र निर्माण में सहयोग करने के लिए तैयार कर रहे है।

भारत सरकार के विदेश मंत्रालय की सचिव (राजनीतिक) डा नीना मल्होत्रा, हिमालय जैवसंपदा प्रौद्योगिकी संस्थान (आईएचबीटी) के निदेशक डा सुदेश कुमार यादव, केन्द्रीय यूनानी चिकित्सा अनुसंधान परिषद के महानिदेशक डा एन जहीर अहमद, एमिटी विश्वविद्यालय की वाइस चांसलर डा बलविंदर शुक्ला व भारतीय श्री अन्न अनुसंधान संस्थान की निदेशक डा सी तारा सत्यावती ने भी सम्मेलन में अपने विचार रखे।

# अयोध्या में भगवान श्री राम की मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा पर वर्षगांठ पर भंडारा



**नोएडा ( चेतना मंच )।** अयोध्या में भगवान श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा की वर्षगांठ के उत्सव पर नोएडा शहर में जगह-जगह राम भक्तों ने विशाल भंडारों का आयोजन किया।

सेक्टर-22 एच ब्लॉक के अध्यक्ष प्रदीप वोहरा तथा महासचिव सुमित ने पूरी राम भक्त टीम के साथ सुबह से शाम तक विशाल भंडारे का आयोजन किया। सेक्टर-22 एक विशाल सेक्टर है जिसमें विभिन्न ब्लॉक है। भंडारे में श्रद्धालु आते जा रहे थे और भगवान श्री राम के जयकारे लगा रहे थे। सेक्टर-46 में हिंदू युवा वाहिनी के अध्यक्ष टी एस गौड के नेतृत्व में सुंदरकांड का पाठ तथा विशाल भंडारे का आयोजन किया गया।

# सीईओ ने उद्यान विभाग के निदेशक का रोका वेतन



**नोएडा ( चेतना मंच )।** नोएडा प्राधिकरण के सीईओ डा. लोकेश एम ने काम में लापरवाही बरतने पर उद्यान विभाग के निदेशक को प्रतिकूल प्रविष्टि दिये जाने एवं अग्रिम आदेशों तक वेतन रोकने के निर्देश दिए। सीईओ के इस कदम से प्राधिकरण अधिकारियों में हडकंप मचा हुआ है।

नोएडा प्राधिकरण के सीईओ ने नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेस-वे एवं सेक्टर-150 का भ्रमण किया। जिसमें उनके द्वारा क्षेत्र के सिविल, उद्यानिक एवं विद्युत अनुरक्षण, सफाई व्यवस्था, अतिक्रमण इत्यादि की समीक्षा की गई। निरीक्षण के दौरान मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) के साथ प्राधिकरण के सिविल एवं जल विभाग की टीम उपस्थित रही। सीईओ ने निरीक्षण के दौरान पाया गया कि नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेस-वे के समानान्तर सेक्टर-150, 152 की तरफ नाला निर्मित न होने के कारण उक्त स्थल पर वेस्ट वाटर ग्रीन बेल्ट में जा रहा है, जिसके कारण उक्त स्थल पर मच्छर पनप रहे हैं, जिससे आसपास बीमारियां फैलने की प्रबल संभावना है। उन्होंने इस पर नाराजगी जताते हुए तत्काल ग्रीन बेल्ट से सारे पानी की निकासी के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान एक्सप्रेस-वे के दोनों ओर सर्विस रोड क्षतिगस्त पायी गई। नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेस-वे के चैनेज 10 किमी. से 20 किमी. तक पूर्व में बनाये गये प्लान्टर्स में जो प्लान्टर क्षतिग्रस्त हो गये व टूट गये हैं, उनको स्थल से पूर्ण रूप से हटाने के लिए संबंधित विभाग को निर्देश दिये गये। एक्सप्रेस-वे की दोनों ओर की सर्विस रोड पर एवं सैक्टर-150 के आन्तरिक क्षेत्र में सड़कों पर सिल्ट जीम हुई पायी गई, जिसकी सफाई कराये जाने हेतु जनस्वास्थ्य विभाग को निर्देश दिये गये। निरीक्षण के दौरान कुछ स्थानों पर सड़कों पर कर्ब स्टोन टूटकर गिरे हुए पाये गये, जिनकी मरम्मत कराने एवं पुन: लगाने के निर्देश दिये। सेक्टर-150 के समीप निर्मित अण्डरपास में सेक्टर-148 की ओर से पानी आता हुआ पाया गया, जिसकी ग्राउटिंग करने को निर्देशित किया गया।

निरीक्षण के दौरान सीईओ को जानकारी मिली कि उनके द्वारा पूर्व में दिनांक 30.11.2024 एवं 06.01.2024 को किये गये स्थल भ्रमण के दौरान एक्सप्रेस-वे पर उद्यान विभाग से संबंधित कार्यों में सुधार करने के निर्देश दिये गये थे, किन्तु आज निरीक्षण के दौरान उक्त निर्देशों पर उद्यान विभाग द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की गई, जो कि विभागीय लापरवाही का स्पष्ट द्योतक है। सीईओ ने इस पर नाराजगी जताते हुए उद्यान विभाग के निदेशक को प्रतिकूल प्रविष्टि दिये जाने एवं अग्रिम आदेशों तक वेतन रोकने के निर्देश दिये।

# पुलिस अधिकारियों ने आरडब्ल्यूए पदाधिकारियों की सुनीं समस्याएं




**नोएडा (चेतना मंच)।** नोएडा के निवासियों को बेहतर सुरक्षा व्यवस्था, सेक्टरों को अतिक्रमण से मुक्ति करने, शहर की यातायात व्यवस्था को और बेहतर बनाने सहित अन्य समस्याओं के समाधान को लेकर फेडरेशन ऑफ नोएडा रेसिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन (फोनरवा) के बैनर तले विभिन्न आरडब्ल्यूए के साथ पुलिस के आला अफसरों ने बैठक की। सेक्टर-52 स्थित फोनरवा कार्यालय में हुई बैठक में पुलिस उपायुक्त प्रथम रामबदन सिंह, डिसीपी ट्रैफिक लखन सिंह यादव के साथ अन्य पुलिस अधिकारियों ने सेक्टवासियों की समस्याएं सुनीं।

बैठक के दौरान फोनरवा अध्यक्ष योगेंद्र शर्मा ने कहा कि आरडब्ल्यूए पुलिस विभाग को महत्वपूर्ण सहयोग करती है। वहीं थानाध्यक्ष और चौकी इंचार्ज से मीटिंग न होने के कारण आपस में समन्वय नहीं हो पा रहा है। अत: थानाध्यक्ष और चौकी इंचार्ज अपने संबंधित सेक्टरों की आरडब्ल्यूए के साथ लगातार संपर्क में रहें और कम से कम महीने में एक बार आरडब्ल्यूए के पदाधिकारियों के साथ मीटिंग की जाए।

महासचिव केके जैन कहा कि इन दिनों सेक्टरों में पेट्रोलिंग बहुत कम हो रही है। पुलिस पेट्रोलिंग बढ़ाई जाए। इसके साथ-साथ सेक्टरों में अनधिकृत ठेले वाले व हॉकर आदि के कारण जाम लग जाता है और अनजान लोग सेक्टर में घूमते हैं जिससे सेक्टर में चोरी आदि की घटना का खतरा बढ़ जाता है। उन्होंने कहा कि पुलिस विभाग से अनुरोध है कि इस समस्या के समाधान के लिए पुलिस आरडब्ल्यूए की मदद करें।

डीसीपी ने आश्वासन दिया कि आरडब्ल्यूए के साथ पुलिस विभाग समन्वय स्थापित करेगा और इसके लिए हर महीने पुलिस थाने लेवल पर तथा वरिष्ठ अधिकारियों के साथ संबंधित आरडब्ल्यूए के साथ बैठक की जाएगी।

बैठक में अपर पुलिस उपायुक्त मनीष मिश्रा, अपर पुलिस उपायुक्त हृदेश कठेरिया, राजीव गुप्ता के अलावा 80 से अधिक आरडब्ल्यूए के पदाधिकारियों ने भाग लिया।

